ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 254


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

बेबी देवी बनी हेमंत सरकार की 11वीं मंत्री





# पलामू का लाल : कौशल किशोर जायसवाल

## मलेशिया और सिंगापुर में अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल व पूनम जायसवाल

### मलेशिया और सिंगापुर के लोग बेकाबू गर्मी व जल संकट पर काबू के लिए पर्यावरण धर्म भी अपनाने का लिया संकल्पः कौशल व पूनम



विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी सह बीपीएसए संस्था की प्रधान सचिव और छतरपुर अनुमंडल की डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने पांच दिवसीय प्रवास के दौरान मलेशिया और सिंगापुर के विभिन्न राज्यों में निःशुल्क पौधा वितरण और वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्टी का आयोजन किया। मलेशिया और सिंगापुर में कौशल किशोर



सिंगापुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी के साथ सिंगापुर में पर्यावरणविद कौशल एवं मुखिया पूनम जायसवाल

ने अपनी संस्था का विस्तार करते हुए अश्विनी शर्मा को मलेशिया और शिवांगी को सिंगापुर का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया। श्री कौशल ने बताया कि अगले वर्ष दोनों राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत आकर उनके निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन और डाली बाजार के कौशल नगर पार्क में बन रहे पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का अवलोकन करेंगे। कौशल किशोर ने वर्ष 2023-24 के निःशुल्क पौधा वितरण वऔररोपण के 57 वां वर्ष एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन के 47वें वर्ष के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगापुर के चांगी विलेज और मलेशिया की राजधानी कुलालंपुर तथा पेनांग के भगवान बुद्ध के मंदिर की धरती से पौधरोपण और वितरण वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया, ताकि विश्व में पूर्णतः हरित क्रांति लायी जा सके। उन्होंने हिंदुस्तान कर्नाटक का रक्त चंदन, हिमाचल का कर्पूर और विलुप्त प्रजाति कल्पतरु का बीस पौधा सिंगापुर और मलेशिया में लगा कर लोगों को पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरे से अवगत कराते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पर्यवारण धर्म में आस्था जताते हुए उसे अपनाने का संकल्प लिया। उक्त अभियान में मलेशिया, सिंगापुर और हिंदुस्तान के विभिन्न राज्यों से आये पर्यावरण प्रेमी में सिंगापुर के शिवांगी जैयसन मेंहदास, अश्विनी शर्मा, हैदराबाद तेलंगाना के रेवतमल जैन, महाराष्ट्र मुंबई से अनिरुद्ध खंडेलवाल, झारखंड जमशेदपुर के शेखर डे, उत्तर प्रदेश गोरखपुर से संजय सरीन, शालिनी सिंह बनारस से डॉ उदय प्रताप सिंह, पटना से शशि रंजन, लखनऊ से चारू सरीन मौजूद थे।

# ट्री मैन राखी और पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ने 56 वर्षों में लगाया 50 लाख पौधा


आइकन ऑफ इंडिया अवार्ड के साथ पर्यावरणविद कौशल जायसवाल एवं मुखिया पूनम जायसवाल

आपने अभी तक स्पाइडर मैन और मुस्ली मैन के बारे में जरूर सुना होगा, लेकिन आज मिलिए झारखंड या पलामू के 'ट्री मैन' से। इन्होंने अपना पूरा जीवन पर्यावरण को समर्पित कर दिया। इनकी जीवनी के बारे में 'कौन बनेगा करोड़पति' और यूपीएससी की परीक्षा में सवाल पूछे जाते हैं प्रश्न। इनकी जीवनी को एनसीइआरटी ने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। लेखक अमेरिका के नील ओ ब्रेन, बेलीओ ब्रेन, भारत के अंजना शाह, उर्मिला रॉय ने उनकी जीवनी लिखी है। सीबीएसइ की आठवीं और आइसीएसी की छठी में 2010 से उनकी जीवनी की पढ़ाई होती है।

निजी खर्च पर अपनी जन्मभूमि पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल की पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर पार्क में उन्होंने विश्व के 22 देशों के पौधे लगाये हैं, वहीं पर्यावरण की नयी परिभाषा गढ़ने के लिए विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कर रहे हैं।

देश-विदेश में अब तक 55 अवार्ड से सम्मानित हुए हैं 70 वर्षीय विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल। उन्होंने पर्यावरण प्रकृति को बचाने, प्रदूषण को भगाने के उद्देश्य से 56 वर्षों में 50 लाख से अधिक पौधों का निःशुल्क वितरण सह रोपण और 15 लाख से अधिक वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन कर उजड़े वनों को फिर से सघन वन बनाया।

वह मलेशिया, सिंगापुर, नेपाल और भूटान सहित देश के 22 राज्यों के 108 जिलों के लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र पढ़ाये हैं और लोगों को पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया है।

**पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान सह पर्यावरण धर्मगुरू व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरण विद, लावारिश सेवा केंद्र, पानी पंचायत एवं समाजसेवी**

### निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन मलेशिया और सिंगापुर में


मलेशिया के ट्यून टॉवर के साथ प्रधान महासचिव व डाली मुखिया पूनम जायसवाल

पर्यावरण धर्मगुरु सह वन राखी मूवमेंट के प्रणेता और पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल के निजी खर्च पर अभियान चला कर निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण के 57 वर्ष और पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट के 47 वर्ष पूरा होने के उपरांत 2023-24 के लिए विश्व के 10 देशों और देश के 10 राज्यों के 20 जिलों में दो लाख निःशुल्क पौधों का वितरण और रोपण और वनों रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन का निर्णय पर्यावरणविद कौशल किशोर और धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल द्वारा लिया गया है। बताते चलें कि आज 57 वर्ष से चल रहे अभियान में आज तक किसी सरकारी या गैर सरकारी मदद नहीं ली गयी है, स्वयं एवं अपने परिवार के सहयोग से लगातार संस्था को चलाते आ रहे हैं। सहयोग में व्यवसायी पुत्र अरुण कुमार जायसवाल, पलामू जिला के छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद पुत्र अमित कुमार जायसवाल, संस्था के सचिव अरविंद जायसवाल, रोहित जायसवाल, पुत्री ज्योति, बहु कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, भाई सत्येंद्र जायसवाल, सुचित जायसवाल, गीता देवी, कल्पना देवी, सूरज कुमार, सुमित कुमार, रॉकी कुमार, विकास कुमार, अमन कुमार, संजीव प्रसाद, संजय प्रसाद, सरोज कुमार, पूर्णिमा, आकाश, आराध्या, आशिविका आद्रिका, अनुषा शामिल हैं।

**पर्यावरणविद कौशल 2000 सन् से पहले पौधा वितरण का शिविर नहीं लगाते थे। अब साप्ताहिक बाजार में 10 से 15 हजार पौधों का शिविर लगा कर ग्रामीणों को आर्थिक लाभ और किसानों को वृक्ष की खेती से जोड़ दिये हैं, क्योंकि वृक्ष की खेती को आकाश सुखाड़ का भय नहीं, बल्कि किसानों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट के समान है, क्योंकि पुत्र साथ छोड़ सकता है, लेकिन पेड़-पौधा नहीं। आज का लगाया हुआ पौधा कल बुढ़ापे का सहारा बनेगा।**

कौशल किशोर के निःशुल्क पौधा वितरण शिविर के उद्घाटन में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सुंदरलाल बहुगुणा, कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, पंजाब के इंद्रजीत कौर, उत्तराखंड धर्म सिंह नेगी, नेपाल के सरोज शर्मा समेत देश के 22 राज्यों के प्रमुख पर्यावरण प्रेमी के साथ सैकड़ों आइएएस, आइपीएस आइएफएस और मंत्री, सांसद और विधायक के साथ क्षेत्र प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम में शामिल रहे हैं।

**पर्यावरण धर्मगुरु कौशल** ने बताया कि जिस तरह सिख भाइयों को धर्म में पांच 'क' से केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा रखने का विधान है, उसी तरह पर्यावरण धर्म आठ मूल ज्ञान मंत्रों में पांच और तीन 'प' से कार्य करने का विधान है। जैसे- 1. पौधों को जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य या श्राद्ध में लगा कर बच्चों की तरह बचाना और अतिथियों और बारातियों का स्वागत पौधा देकर करना। 2. पक्षी भी पर्यावरण के अंग हैं। उन्हें भोजन-पानी देना है, उसे भोजन नहीं कराना है। उनको भोजन के लिए बरगद-पीपल का पौधा लगा कर देना है। 3. प्रकृति की रक्षा करें, अर्थ के लिए अनर्थ ना करें। 4. किसी भी दुर्घटनाग्रस्त की मदद करें। 5. जल संग्रह करें और जल दूषित ना करें। पानी पंचायत अपनायें। 6. जंगल लगाओ जंगल बचाओ। वन और वन्य प्राणी को बचाना केवल वन विभाग का दायित्व नहीं, हम सबों का कर्तव्य है। 7. जमीन में रासायनिक खाद डाल कर धरती मां को शराबी ना बनायें, जैविक खाद या गोबर खाद का इस्तेमाल करें। 8. जंगली जानवरों को नहीं पकड़ना है। ना ही जानवरों को भोजन कराना है, बल्कि उन्हें भोजन-पानी देने का विधान है।

### निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन मलेशिया और सिंगापुर में

पर्यावरणविद कौशल ने 2023 का निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन मलेशिया और सिंगापुर में वृक्षों पर रक्षाबंधन और पौधों का वितरण कर किया है। इस दौरान उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त और उत्कृष्ट कार्य के लिए आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान (इंडिया) अवार्ड से नवाजा गया।

पर्यावरणविद् सह पर्यावरण धर्मगुरु और वन राखी मूवमेंट के नेता कौशल किशोर जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी मुखिया पूनम जायसवाल को इस अवसर पर पर्यावरणविद् ने संस्था का विस्तार करते हुए मलेशिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्विनी शर्मा को और सिंगापुर की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी को मनोनीत किया है। अगले वर्ष दोनों राष्ट्रीय अध्यक्ष निःशुल्क पौधा वितरण शिविर के उद्घाटन में पलामू आयेंगे। उन्होंने हिंदुस्तान समेत मलेशिया और सिंगापुर के लोगों को बधाई दी है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल बताते हैं कि 1966 में जब अकाल पड़ा, तो खाने का अन्न और पीने का पानी भी नहीं मिल रहा था। उस वक्त सरई के फर, काना, गेठी खाकर किसी तरह से जान बचायी गयी। उस वक्त मां-पिता जी ग्रामीणों से बात कर रहे थे कि लगता है कि जंगल कटने से अकाल पड़ा है। उस बात को सुन कर 14 वर्षीय ललन (कौशल किशोर के घर का नाम) ने अपनी जन्मभूमि छतरपुर के डाली बाजार में 7.72 एकड़ जमीन पर 'जंगल लगाओ जंगल बचाओ' अभियान की शुरुआत की और किसानों को भी प्रेरित करने लगे। उस वक्त किसान अपनी निजी भूमि पर जंगल लगाने से डरते थे कि निजी भूमि पर जंगल लगाने से सरकार हम लोगों की भूमि ले लेगी, पर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। जब उनके द्वारा लगाये गये पौधे 10 वर्षों में वृक्ष के रूप में कटने लगे, तभी वनों को कटने से रोकने के उद्देश्य से 1977 में पर्यावरण धर्म अपनाया और उसी के तहत महिलाओं को एकत्रित कर वनों पर रक्षाबंधन कर वन राखी मूवमेंट चलाया। यह मूवमेंट बहुत कारगर साबित हुआ। इसका असर यह हुआ कि उस समय जो वन विभाग के द्वारा जंगलों को नीलामी कर वनों को कटवाया जाता था, उसे बंद करवाने में कामयाबी मिली। इस कारवां को धीरे-धीरे गांव से निकाल कर विदेशों की धरती तक पहुंचाने में कामयाबी मिली है।

### कोरोना योद्धा सम्मान पत्र से नवाजे गये पर्यावरणविद कौशल किशोर जयसवाल


कौशल किशोर को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित करते हुए आजाद सिपाही के प्रधान संपादक श्री हरिनारायण सिंह एवं पलामू ब्यूरो हेड जयकांत शुक्ला


सिंगापुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी के साथ सिंगापुर में पेड़ पर राखी बांधते पर्यावरणविद कौशल एवं मुखिया पूनम जायसवाल


पर्यावरणविद कौशल को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा


पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पौधा देते पर्यावरणविद कौशल


पलामू जिला के छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल सभा को संबोधित करते हुए


पर्यावरणविद को सम्मानित करते झारखंड के माननीय राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन


कौशल किशोर व पूनम जायसवाल को सम्मानित करते पलामू डीसी एवं एसपी


मलेशिया में भगवान बुद्ध मंदिर के पुजारी को पौधा दान करते पर्यावरणविद कौशल एवं पूनम



पर्यावरणविद् कौशल व पूनम को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं सांसद संजय सेठ


ग्रामीणों को पौधा बचाने एवं पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ दिलाते पर्यावरणविद कौशल


व्यवसायी पुत्र अरुण जायसवाल अपने धर्मपत्नी कोमल के साथ


अपने पार्क डाली में परिवार के सदस्यों के साथ पर्यावरणविद कौशल एवं पूनम


पर्यावरणविद कौशल को सम्मानित करते तत्कालीन माननीय राज्यपाल सैयद सिब्ते


पलामू आयुक्त मनोज जायसवाल को पौधा देते पर्यावरणविद कौशल जायसवाल एवं जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल

Mob. :70334707709 9471391455 | Web.: www.paryawarandharamkoushalkishorejayswal.com

www.epaper.azadsipahi.in

04 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 254

सीबीआइ ने लैंड फॉर जॉब केस में कार्रवाई की, लालू, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल






## बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हिंसा

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान कई इलाकों में गोलीबारी और विस्फोट में 3 लोगों की जान चली गयीं।24 परगना में टीएमसी उम्मीदवार के पिता की हत्या कर दी गयी। मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली मारी गयी। वहीं 24 परगना में ही क्रूड बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस घटना के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आयी है। पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला है।पंचायत चुनाव के लिए नामांकन 9 जून को शुरू होने के बाद से अब तक हिंसक घटनाओं में 10 लोग मारे गये हैं।पंचायत चुनाव के लिए मतदान8 जुलाई को है और परिणाम 11 जुलाई को आयेंगे।

### मुख्यमंत्री ने जरमुंडी में ग्रिड सब-स्टेशन का किया उद्घाटन

# निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति लक्ष्य: हेमंत

- 100 यूनिट से कम खपत वाले उपभोक्ता परिवारों को मुफ्त बिजली दे रही है राज्य सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के एक-एक उपभोक्ता तक निर्बाध और गुणात्मक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में जरमुंडी में 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन और संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाइन शुरू की गयी है। इस ग्रिड सब-स्टेशन के उद्घाटन होने से दुमका और देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्र जैसे बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुण्डी, सोनारायथाड़ी आदि में बिजली की समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगी। आने वाले समय में यह ग्रिड सब-स्टेशन अलग-अलग ग्रिडों से भी जुड़ेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को रांची से जरमुंडी सब-स्टेशन का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मियों और समारोह में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी।

**100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेहतर बिजली आपूर्ति के साथ-साथ वैसे उपभोक्ता परिवार जिनकी मासिक खपत 100 यूनिट से कम है, उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार जनकल्याण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सरकार ने बकाये बिजली बिल पर भी राहत दी है। बकायेदार परिवारों को किस्तों में धीरे-धीरे बिजली बिल के पैसे चुकाने का भी प्रावधान सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित लोगों से जनभागीदारी की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आप ग्रामीण भी वैसे असामाजिक तत्वों पर ध्यान रखें, जो बिजली व्यवस्थाओं पर चोट पहुंचाने का काम करते हैं। अक्सर असामाजिक तत्वों द्वारा तार चोरी सहित के विभिन्न तरह के नुकसान पहुंचाने की सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इन सभी चीजों पर रोक लगाने के लिए आम जनता का ध्यान होना भी आवश्यक है।

**सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही है कार्य :** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख उद्घाटन स्थल पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि दुमका एवं देवघर जिला के लिए आज विशेष दिन है। जरमुंडी के तालझारी में ग्रिड सब-स्टेशन का उद्घाटन होना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक काम किया जा रहा है। वर्तमान राज्य सरकार के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ा है। अब इन क्षेत्रों में उपभोक्ता परिवारों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।



### देवघर-दुमका क्षेत्र में बिजली की कमी होगी दूर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज काफी शुभ दिन है। देवघर एवं दुमका जिले में बाबा बासुकीनाथ और श्रावणी मेला के शुभारंभ के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण समय में यहां पावर ग्रिड सब-स्टेशन का भी शुभारंभ हो रहा है। यह ग्रिड सब-स्टेशन आज से यहां की जनता की सेवा के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि बिजली ग्रिड सब-स्टेशन मकान के पिलर की तरह होता है। राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु बड़े पैमाने पर क्षेत्रवार बिजली ग्रिड सब-स्टेशन बनाने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। ग्रिड सब-स्टेशन बनने से बिजली सप्लाई में आ रही रुकावटें और लो वोल्टेज की समस्या का समाधान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुमका एवं देवघर में बिजली में जो कमी आ रही थी, अब वहां निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सकेगी। अब 80 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने से बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुंडी, सोनारायथाड़ी आदि क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति होगी। इन क्षेत्रों के लाखों लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। बिजली की वर्तमान लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जायेगी।

# बेबी देवी ने ली शपथ, उत्पाद एवं मद्य निषेद विभाग की मंत्री बनीं

### पति जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को करूंगी पूरा : बेबी देवी

- राज्यपाल ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने सोमवार को झारखंड सरकार में 11वें मंत्री के रूप में शपथ ली। बेबी देवी को राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके बाद मंत्रिमंडल सचिवालय ने अधिसूचना जारी करते हुए उन्हें उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का मंत्री बनाया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने ही पास रखा।

इधर, शपथ ग्रहण के बाद बेबी देवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जो भी आदेश होगा, वह उसका पालन करेंगी। वह क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगी और अपने पति जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व राज्यसभा सदस्य महुआ माजी तथा कई विधायक मौजूद थे।



शपथ लेने के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन के साथ बेबी देवी।

शपथ लेने के बाद नवनियुक्त मंत्री बेबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी।

**रजरप्पा में की पूजा- अर्चना :** शपथ ग्रहण से पहले नवनियुक्त मंत्री बेबी देवी ने अपने बेटे अखिलेश महतो और परिजनों के साथ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना की। मां का आशीर्वाद लिया और शक्ति मांगी। राजभवन पहुंचने से पहले बेबी देवी ने झामुमो प्रमुख गुरुजी शिबू सोरेन से मिल कर आशीर्वाद लिया।

**1979 में जगरनाथ महतो के साथ हुआ था विवाह :** पूर्व शिक्षा मंत्री जनरनाथ महतो का इस वर्ष अप्रैल में इलाज के क्रम में चेन्नई में निधन हो गया था। इसके बाद से हेमंत सरकार में मंत्री का पद खाली था। हेमंत सरकार ने स्व. महतो की पत्नी बेबी देवी को जगह दी। बेबी देवी का नैहर धनबाद जिला के तोपचाची प्रखंड के जीतपुर गांव में है। बेबी देवी और स्व. जगरनाथ महतो के चार पुत्रियां व एक पुत्र है। इकलौता बेटा अखिलेश महतो ऊर्फ राजू है।

**हेमंत कैबिनेट में दूसरी महिला मंत्री :** हेमंत सरकार में चुनाव होने से पहले सीधे मंत्री बनने वाली बेबी देवी दूसरी हैं। इससे पहले दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी के पुत्र हफीजुल हसन को चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट में जगह दी थी। अब बेबी देवी को भी छह महीने के अंदर चुनाव लड़ना होगा। उधर, बेबी देवी हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाली दूसरी महिला हैं। जोबा मांझी हेमंत कैबिनेट में पहले से शामिल हैं।

# श्रावणी मेला शुरू, भक्तों के लिए तैयार बाबाधाम

- मंत्री बादल पत्रलेख ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की शुरूआत हो गयी है। मंत्री बादल पत्रलेख ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर बादल ने कहा कि श्रावण मास में देवघर और बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा। हर साल लाखों लोग बाबानगरी बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं। इस दौरान पूरा देवघर शिव की भक्ति में लीन हो जाता है। इस वर्ष श्रावणी मेला में 19 सालों के बाद बेहद खास संयोग बना है। इस बार सावन 2 महीने का है। इसे ध्यान में रखते हुए भी व्यवस्था की गयी है। दुम्मा से खिजुरिया तक 8 किलोमीटर कांवरियों पथ पर पहली बार गंगा की मिट्टी बिछायी गयी है। 10 हजार क्षमता वाले अधिकतम भवन में कावरियों को सस्ते दर पर भोजन मिलेगा। कांवरियों की कतार लगाने को लेकर रूट लाइन में वाटरप्रूफ पंडाल लगाये गये हैं।



श्रावणी मेला का विधिवत शुभारंभ कराने के लिए 11 वैदिक पुरोहितों द्वारा बाबा बैद्यनाथ की पूजा के साथ विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2023 का शुभारंभ कराया गया। वैदिक पुरोहितों की पूजा संपन्न हुई, तो अतिथियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर श्रावणी मेला 2023 का का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने स्वागत भाषण दिया। उपायुक्त ने बताया कि 19 वर्ष बाद ऐसा श्रावणी मेला आया हैं, जिसमें 8 सोमवार पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में बाबा नगरी देवघर आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा उपलब्ध करायेगी। श्रावणी मेला स्वरूप द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सर्वश्रेष्ठ कामनालिंग बाबा वैद्यनाथ के दरबार में लगने वाले मासव्यापी श्रावणी मेला का स्वरूप इस वर्ष बदला-बदला दिखेगा। गुरु पूर्णिमा यानि आज तक बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण के बाद स्पर्श करने वाले भक्त अरघा व्यवस्था के तहत जलार्पण करेंगे। 8-10 किमी परिधि में फैला रहने वाला श्रावणी मेला बाबा वैद्यनाथ मंदिर इलाके तक ही सीमित रखने की योजना है। कतार की शुरुआत बीएड कॉलेज से होगी। वहीं मेले को लेकर भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मी मुस्तैद रहंगे। लगभग दो माह तक चलने वाले इस मेले में 8640 हजार जवान सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के देवघर पहुंचने का अनुमान है।

# एनसीपी से प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को निकाला गया

### अजित पवार ने नयी टीम बनायी, तटकरे महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता शरद पवार ने सांसद प्रफुल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से बाहर कर दिया है। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शरद पवार को चिट्ठी लिखी थी। इस ऐलान के तुरंत बाद अजित पवार ने भी एनसीपी की नयी टीम बना दी। उन्होंने सांसद सुनील तटकरे को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। अनिल पाटिल को व्हिप की जिम्मेदारी दी है। उधर, इससे पहले शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी ने अजित पवार के साथ गये सभी विधायकों को अयोग्य घोषित करने का प्रस्ताव पास किया।

अजित पवार के शपथ समारोह में भाग लेने गये तीन नेताओं को भी पार्टी से निकाल दिया गया। इनमें पार्टी के क्षेत्रीय महासचिव शिवाजी राव गर्जे, अकोला शहर जिलाध्यक्ष विजय देशमुख और मुंबई डिवीजन के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राणे शामिल हैं।उधर, एनसीपी में बगावत के बीच शरद पवार ने सोमवार को सातारा के कराड में अपने गुरु पूर्व मुख्यमंत्री यशवंत राव चाव्हाण की समाधि पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।सातारा में हुई रैली में शरद पवार ने कहा कि भाजपा देशभर में चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ है। महाराष्ट्र की जनता को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी।महाराष्ट्र में जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमारे कुछ लोग भाजपा का शिकार हो गये। बड़ों के आशीर्वाद के साथ हम नयी शुरुआत करेंगे। हमने 5 जुलाई को पार्टी के सभी नेताओं की बैठक बुलायी है। राज्य में हमारा संगठन मजबूत है।

### बिहार में महाराष्ट्र जैसे हालात: भाजपा

पटना (आजाद सिपाही)। महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापटक के बाद बिहार में सियासी बयानबाजी तेज हो गयी है। भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी का कहना है कि शरद पवार की पार्टी एनसीपी में विद्रोह विपक्षी एकता की पटना बैठक का परिणाम है। जल्द ही जदयू में भी भगदड़ मचने वाली है। राजनीतिक उठा-पटक के दावे के पीछे सुशील मोदी ने तर्क भी दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी बगावत की स्थिति बन रही है। लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान ने तो यहां तक कह दिया कि कई विधायक और सांसद उनके संपर्क में हैं। इधर, केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने दावा किया कि बिहार में एक-दो दिन में बड़ा राजनीतिक भूचाल आयेगा और महाराष्ट्र का किस्सा दोहराया जायेगा। इधर, जदयू छोड़ अपनी नयी पार्टी बनाने वाले उपेंद्र कुशवाहा ने भी दावा किया है कि जदयू में बड़ी फूट पड़ने वाली है।

### परिवारवादी दल लोकतंत्र पर कलंक: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मारंडी ने परिवारवादी दलों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि परिवारवादी दल लोकतंत्र पर कलंक हैं। इन्हें मिटाना जरूरी है। अगले चुनाव में जनता अयोग्य परिवारवादियों को निकाल बाहर करेगी। परिवारवादी दलों ने अपने योग्य, अनुभवी और संघर्षशील नेताओं को आगे नहीं किया। अगर किया होता तो आज तस्वीर अलग होती। यूपी में मुलायम सिंह, बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन ने अपने किसी दूसरे अनुभवी, जुझारू साथी को गद्दी सौंप दी होती या उन्हें आगे बढ़ा दिया होता तो राज्य का कुछ भला हो गया होता। झारखंड में मेरा मानना है कि स्टीफन मरांडी, दिवंगत साईमन मरांडी, लोबिन हेम्ब्रम जैसे कई अनुभवी आंदोलनकारी जमीन से जुड़े नेता थे, जो शिबू के साथी रहे। जब गद्दी सौंपने की बात आयी तो उन्हें किनारे लगा लिया।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुना एवं उसके निष्पादन के लिये संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में ओबीसी बनाने हेतु मार्गदर्शन, क्लिनिक को खोलने, निरीक्षण के दौरान उपस्थित नहीं रहने, सतगावां प्रखंड अंतर्गत लगातार हो रहे सड़क हादसा के रोक के संबंध में समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिय संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## सचिन कुमार का बीएआरसी में हुआ चयन



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कटहाडीह निवासी उर्दू प्राथमिक विद्यालय रामपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार व माता आंगनबाड़ी सेविका अनीता देवी के पुत्र सचिन कुमार का भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में साइंटिस्ट के रूप में चयन हुआ है। विदित हो कि पूरे भारतवर्ष में कुल 9 ट्रेनी साइंटिस्ट ऑफिसर का चयन हुआ है। जिनमें से एक मनोज कुमार के पुत्र भी हैं। सचिन कुमार ने बीआइटी सिंदरी से बीटेक किया। उसके पश्चात बेंगलुरु से एम टेक कर रहे थे। सचिन कुमार के साथ साथ पिता मनोज कुमार, माता अनीता देवी को भी इस उपलब्धि पर पूरे समाज की ओर से लोगों ने बधाई और शुभकामना दिया है। कहा कि इन्होंने परिवार सहित जिला, प्रखंड और समाज को भी गौरवान्वित किया है।

## डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आदित्य रंजन ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, प्राथमिक विद्यालय बलरोटांड और कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बलरोटांड, आंगनवाड़ी केन्द्र कलीडीह, आंगनवाड़ी केन्द्र नावाडीह और डोमचांच प्रखंड अंतर्गत हुसैनाबाद मिनी आंगनबाड़ी केंद्र और डोमचांच बाजार व सिंगलोडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका को निर्देश दिया कि बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समावेशी शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे और चार्ट पेपर के माध्यम से बच्चों को पढ़ायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का पोषण वाटिका को देखें और कहा कि पोषण वाटिका में लगायें पौधे और सब्जियों का नियमित देख रेख करेंगे। उपायुक्त ने झुमरीतिलैया नगर परिषद स्थित डीइजीएस कंप्यूटर प्रशिक्षण सेंटर और पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने अभ्यर्थियों से रूबरू हुए और उनसे बातचीत की। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा रोशमा डुंगडुंग व अन्य मौजूद रहे।

## नगर परिषद ने पहले तिमाही में वसूला होल्डिंग टैक्स से 2.40 करोड़



झुमरी तिलैया (आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही मे 01अप्रैल से 30 जून तक 21 हजार लगभग उपभोगताओं मे 4800 उपभोक्ताओं से 2 करोड़ 40 लाख का राजस्व का वसूली किया गया हैं। यह 27 प्रतिशत तीन महीना मे लक्ष्य को पूरा कर लिया हैं। चालू वित्तीय वर्ष मे लक्ष्य 10 करोड़ निर्धारित हैं। नगर प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि पेयजल से 2600 उपभोक्ताओं मे 600 उपभोक्ताओं ने तीन माह मे 13 लाख 50 हजार तथा लाइसेंस मे 165 उपभोक्ताओं ने 4 लाख का राजस्व जमा कराया हैं। होलसिंग टैक्स मे 5 प्रतिशत की छूट 30 जून तक थी। अब प्रति माह 1 प्रतिशत ब्याज के साथ टैक्स जमा करना होगा। जबकि महिला, सिनियर सिटीजन, दिव्यांग, सेना मे कार्यरत जवान व अधिकारी को 31 मार्च 2024 तक 5 प्रतिशत की छूट मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि टैक्स का भुगतान समय पर करें जिससे विकास का कार्य हो सके और अच्छे नागरिक का फर्ज निभाएं।

## प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव 15 को

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कोडरमा जिला का सत्र 2023-26 के लिए 15 जुलाई को झुमरीतिलैया के सीएच प्लस टू विद्यालय में आयोजित होगा। जिसमें जिले के 79 शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इधर चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए आश्विनी तिवारी और शिवशंकर रजक, उपाध्यक्ष के लिए राजकिशोर दास धानेश्वर राम, शंकर दयाल प्रसाद, राजन्द्र कुमार, ललन प्रसाद यादव, महासचिव के लिए रविकात रवि, कौलेश्वर ठाकुर, संगठन सचिव के लिए सुभाष चंद्रा, विजय कुमार, संयुक्त सचिव के लिए मनोज कुमार चौरसिया, रामचन्द्र ठाकुर, महेन्द्र प्रसाद, रवि लाल, कोषाध्यक्ष के लिए रविन्द्र शर्मा व अरविन्द कुमार के बीच मुकाबला होगा। चुनाव पदाधिकारी गांधी प्रसाद, माधव कुमार और विवेक रंजन ने बताया कि 1 जुलाई से 13 जुलाई तक प्रचार अभियान किया जा सकेगा। जिले के 79 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इधर कई पद के लिए निर्विरोध घोषित किया गया। जिसमें अंकेक्षण के लिए शिवशंकर मोदी, राजेन्द्र प्रसाद, कार्यालय सचिव सत्येन्द्र प्रसाद, प्रेस प्रवक्ता के लए उमेश सिन्हा, उप कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार निविरोध निर्वाचित हो गये है।

## प्रेमी संग फरार विवाहिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के जयनगर थाना के लतबेधवा से प्रेमी साथ फरार विवाहिता को जयनगर पुलिस ने कोडरमा स्टेशन से बरामद किया है। साथ ही प्रेमी लतबेधवा निवासी चंदन कुमार (पिता बसंत राणा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं विवाहिता (प्रेमिका) को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बता दें कि विवाहिता के ससुर ने जयनगर थाना में आवेदन देकर गांव के चंदन कुमार पर अपनी बहू को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। उन्होंने आवेदन में कहा था कि वे झुमरीतिलैया में अपना नया मकान बना रहे हैं। प्रति दिन सुबह घर से झुमरीतिलैया चले जाते हैं। जब 12 जून को शाम में वे घर लौटे तो देखा कि उनके दोनों छोटे-छोटे पोता पोती घर में रो रहे हैं। जब अपने घर की जांच की तो पाया कि घर बनाने का 50 हजार रुपए और डेढ़ लाख का जेवर भी नहीं है। इसकी सूचना बहू के माइके और अन्य परिजनों को दी। काफी खोजबीन करने पर बहू का कहीं पता नहीं चला। बाद में गांव से पता चला कि चंदन कुमार के साथ उनकी बहू भाग गयी।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त एक युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। नवलशही थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेशमी के समीप मोटर साइकिल से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान बेकोबार निवासी संदीप पांडेय उम्र 28 वर्ष पिता रविंद्र पांडेय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की बीती रात अपनी मोटरसाइकिल से डोरंडा से बेकोबार लौट रहे थे। इसी दौरान खेशमी के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमें वह घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया जहां घायल का इलाज चल रहा है।

### तीन राजधानी, नीलांचल और मालगाड़ियों का परिचालन कई घंटे बाधित

# बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित

संजीव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार की सुबह हुई बारिश का असर रेल परिचालन पर भी पड़ा है। बीती रात 3:35 बजे हुई भारी बारिश की वजह से गया कोडरमा रेलखंड के घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन में आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस (12876) रुक गयी। अत्यधिक बारिश और चढ़ायी होने के कारण गाड़ी आगे चल नहीं पा रही थी। इसकी सूचना मिली तो परिचालन सुचारू करने के लिए रेल अधिकारी रेस हुए। नीलांचल एक्सप्रेस के रुक जाने के कारण कुछ ट्रेनों को जहां-तहां रोकना पड़ा, जबकि डाउन लाइन पर परिचालन तीन घंटे तक बाधित रहा। रेल सूत्रों के अनुसार 12876 आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस गया से रात 2:55 बजे खुलने के बाद घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन के पास पहुंची। यहां काफी बारिश के कारण किलोमीटर 417/12 के पास 3:35 बजे ट्रेन रूक गयी। ज्यादा चढ़ायी होने के कारण गाड़ी आगे चल नहीं पा रहा थी। ऐसे में लोको पायलट ने गाड़ी को आगे चलाने के लिए कंट्रोल रूम से बैंकर (इंजन) लगाने की मांग की. सुबह करीब 5:50 बजे ट्रेन में बैंकर लगाकर परिचालन को सुचारू किया गया। नीलांचल एक्सप्रेस के रुकने के कारण उसके पीछे चल रही गाड़ी संख्या 12314 नई-दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस पहाड़पुर स्टेशन पर सुबह 4:40 से 7:08 बजे तक, गाड़ी संख्या 12302 नई दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस टनकुप्पा स्टेशन पर 6:11 से 7:11 बजे तक और गाड़ी संख्या 20818 नई दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस बंधुआ स्टेशन पर 6:19 से 6:24 बजे तक खड़ी रही। इसके अलावा दर्जन भर मालगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। रेलवे सूत्रों ने बताया कि नीलांचल एक्सप्रेस के लोको पायलट ने ट्रेन रुकने के बाद बैंकर की मांग की और फिर मना कर दिया। इसके दस मिनट बाद 4:45 बजे फिर बैंकर की मांग लोको पायलट ने की। इसके बाद 5:50 में बैंकर को जोड़कर 5:54 बजे ट्रेन को आगे ले जाया जा सका। रेल परिचालन पर हुए असर का कारण कंट्रोल कम्यूनिकेशन में फेल्योर और बसकटवा के पास होम सिग्नल के फेल्योर को भी माना जा रहा है। बता दें कि घाट सेक्शन में इस मौसम में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण रेल परिचालन पर असर होता रहता है।

## विहिप बजरंग दल ने मनाया गुरु पूर्णिमा



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा आषाढ़ मास पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री मंत्र का जाप कर हवन किया गया और विश्व शांति के लिए प्रथना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पिंटू गुप्ता, कन्हैया लाल पांडे, जग्गेश कुमार, अरविंद सोनी, राजेंद्र सिंह, निशा सिंह, सुनीता देवी, रेनू देवी, सुनीता देवी, रिपुल कुमारी, माधुरी कुमारी, किरण देवी, चंद्रकला और अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस के प्रहार से पत्रकार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** पुलिस के द्वारा बरही के पत्रकार सोमनाथ ठाकुर के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि उक्त घटना हजारीबाग रोड स्थित एके इंटरनेशनल होटल के समीप रविवार को रात्रि 10:30 बजे की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए घायल सोमनाथ ठाकुर ने बताया कि बरही पुलिस के गस्ती दल के पुलिस कर्मियों के द्वारा किसी बात को लेकर बरही मल्लाह टोली निवासी संजीव निषाद उर्फ बडकु के साथ मारपीट कर रही थी। इसी बीच मैं वहां पहुंचा तथा मारपीट कर रहे पुलिस कर्मी से मारपीट करने का वजह की जानकारी लेने की कोशिश किया। पत्रकार का नाम सुनते ही भड़क गया इतना उसके बाद पुलिस कर्मी द्वारा मेरे सिर पर टार्च से प्रहार कर दिया जिसे मेरा सिर फट गया तथा सिर से खून बहने लगा। खून बहता देख आसपास के लोगों ने आनन फानन में हमें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। घटना की जानकारी मिलते ही बरही के स्थानीय पत्रकार प्रमोद विश्वकर्मा, रितेश गुप्ता और धनंजय पांडेय अस्पताल पहूंच कर स्थिति का जायजा लिया तथा इलाज करने में मदद किया। उक्त घटना की जानकारी आग की तरह बरही सहित जिले के पत्रकारों तक पहुंच गयी। उक्त घटना की जानकारी के साथ ही बरही अनुमंडल के पत्रकारों की आपात बैठक बुलायी गयी तथा दोषी पुलिस कर्मियों पर कानूनी कार्रवाइ की मांग किया वहीं घायल पत्रकार सोमनाथ ठाकुर को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उक्त घटना की जानकारी देने के लिए पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल बरही थाना पहुंचे। इस सम्बन्ध में एसडीपीओ नाजिर अख्तर और पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह को दी गयी तथा दोषीयों के खिलाफ कार्रवाइ की मांग किया।

## एनटीपीसी ने प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के लिए कोर्स लांच किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के लिए कोर्स लांच किया गया है। ढंगा स्थिति इडीसी बिल्डिंग में यह कोर्स संचालित की जायेगी जहां पर प्रतिभागियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल करवाई जायेगी। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को भारतीय खान महान निदेशालय के द्वारा कुछ दिन पहले ही प्राथमिक उपचार मुहैया कराने की ट्रेनिंग देने के लिए सर्टिफिकेट दिया गया है। इस सर्टिफिकेट के मिल जाने के बाद से ही चिकित्सा विभाग के द्वारा पूरी कोर्स की रूपरेखा तैयार की गयी और उसे एक मैनुअल का शक्ल दिया गया। इस मौके पर एलए और आरएनआर विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी, मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, सेफ्टी विभाग के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद, पकरी बरवाडीह चिकित्सा विभाग के चीफ मेडिकल ऑफिसर श्री कबिबर प्रधान मौजूद रहे। इन सभी अतिथियों ने मैनुअल का लोकार्पण कर पहले बैच के छात्रों को संबोधित किया। सभी अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था यहां ना होने की वजह से कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था लेकिन अब अपनी परियोजना के साथ-साथ दूसरी परियोजना के कर्मचारियों को भी प्राथमिक उपचार देने की ट्रेनिंग दिलाई जायेगी जो बेहद लाभदायक है। प्राथमिक उपचार मुहैया कराना किसी भी घायल व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी होता है अगर सही समय पर प्राथमिक उपचार किसी व्यक्ति को मिल जाती है तो उससे वह खतरे से बाहर आ जाता है और उसके मृत्यु होने की संभावनाएं कम हो जाती है। ऐसे में जाहिर तौर पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए शुरू की गई यह ट्रेनिंग रंग लाएगी और घायल अवस्था में किसी जरूरतमंद के लिए वरदान साबित होगी।

## बेबी देवी के मंत्री बनने पर लोगों ने दी बधाई



जयनगर (आजाद सिपाही)। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के पश्चात उनकी पत्नी बेबी देवी को झारखंड के 11 वें मंत्री के रूप में शपथ लेने के पश्चात लोगों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, उपाध्यक्ष इरशाद आलम, प्रखंड सचिव विनय राणा, प्रधानमंत्री 15 सूत्री सदस्य नौशाद आलम, बाजू दास, रामेश्वर प्रसाद यादव, संदीप पांडेय, त्रिवेणी पांडेय, दुलारी देवी, गोविंद बिहारी, सुदामा दास, मोहन राणा, लक्ष्मण राणा, प्रदीप राणा, इजहार अंसारी, उद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी शामिल हैं।

### शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में मनायी गयी महर्षि वेदव्यास जयंती

# गुरु के ज्ञान और संस्कार से ही शिष्य ज्ञानी बनता है: प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में सोमवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा पर पुष्पार्चण कर किया गया। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य सिद्धि प्रसाद ने कहा कि गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं । गुरु को महत्व देने के लिए ही महान गुरु वेदव्यास जी की जयंती पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने भी गुरु की महिमा का गुणगान किया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कई भैया बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये जिसमें कविता ,गीत भाषण, नृत्य आदि प्रमुख थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि आषाढ़ माह की पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया जाता है। इस पर्व को हिंदू ही नहीं बल्कि जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोग भी मनाते हैं। गुरु और शिक्षकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। गुरु के ज्ञान और संस्कार के आधार पर ही उसका शिष्य ज्ञानी बनता है। आचार्य ब्रजेश कुमार अनल ने गुरु की महत्ता को बताते हुए कहा कि प्राचीन धर्म ग्रंथों में भी गुरु को ब्रह्मा विष्णु और महेश के समान बताया है। एक व्यक्ति गुरु का ऋृण कभी नहीं चुका पाता है। वही आचार्या रिंकी सिंह ने कहा कि इस दिन पूरी श्रद्धा के साथ गुरु की उपासना की जाती है। गुरु के द्वारा ही अपने शिष्य को अच्छे बुरे संस्कारों ,धर्म-अधर्म आदि का ज्ञान प्राप्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभात कुमार, रविता उपाध्याय, अरुण कुमार, कृष्ण चंद कन्हैया, बृजेश कुमार, अनल राजेश्वर सिंह, नागेश चंद्र सिंहा, आनंद कुमार सिन्हा,रिंकी सिंह, अल्पा कुमारी, श्वेता सिन्हा आशा कुमारी ,आनंद प्रकाश, बहादुर शाह ,राजू सिंह, संतोष कुमार,पंकज कुमार, रवि रंजन, बबलू कुमार प्रजापति, सुनील कुमार, नीलम कुमारी , रामसेवक पंडित, उदय कुमार, मोनी कुमारी का सहयोग सराहनीय रहा।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कपंनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## पेलावल ओपी प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में तीन नशा कारोबारी गिरफ्तार



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के पेलावल ओपी थाना क्षेत्र से थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन नशा कारोबारी को धर दबोचा गया है। इनके पास से 30 पीस ऑनोरेक्स कफ सिरप और 140 पीस नाइट्रो सन 10 टैबलेट बरामद किया गया है। तीनो की पहचान इंदर राम पिता चंदर रविदास, नौशाद पिता अब्दुल मलिक और शमीम उर्फ कबाड़ी पिता स्वर्गीय अब्दुल कादिर तीनों ग्राम पेलावल थाना पेलावल ओपी जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। तीनो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## सड़क किनारे सूखे पेड़ दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के कल्लू चौक पर सड़क के किनारे खड़ी सुखी पेड़ दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। पेड़ के नीचे कई दुकान है। वही बगल में चतरा स्टैंड भी है, जहां से हर आधे घंटे में गाडियां पैसेंजर को बिठा कर रवाना होती है। पेड़ के बगल से हजारीबाग चतरा सड़क गुजरती है जिस पर दिन भर गाड़ियो का आना जाना लगा रहता है। पेड़ विशालकाय के साथ पूरी तरह सुखी है, जो कभी भी गिर सकती है और किसी को भी अपना शिकार बना सकती है। मगर इस ओर न तो जिला प्रशासन का ध्यान है और ना ही वन विभाग का। समय रहते पेड़ को काट कर नही हटाया गया तो कभी भी यह पेड़ बड़े दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## प्राथमिक विद्यालय जोगिडीह में विदाई समारोह



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोगिडीह में कार्यरत सहायक अध्यापक महेंद्र सोनी 30 जून को सेवा निवृत हुए। उनके सम्मान में सहायक अध्यापकों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद और भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक महान होते हैं और इनकी महानता का बखान नही किया जा सकता। शिक्षक ही विश्व के निमार्ता होते हैं। जिनका सम्मान युगों युगों में होते रहता है। जबकि बीईओ बंशीधर राम और बीपीओ डॉ वंदना श्रीवास्तव ने इनकी कार्यो को सराहते हुए उज्जवल और स्वस्थ्य जीवन की कामना की। पूर्व मुखिया अशोक यादव ने विदाई का एक लोग गीत प्रस्तुत किया जिससे लोगो के मन गदगद हो गया। वही शिक्षक जयशंकर प्रजापति द्वारा सरीफा का पौधा स्मृति स्वरूप भेंट किया। कार्यक्रम में मुखिया बिना देवी, कांग्रेस नेता गिरधारी कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि कुशल चंद मेहता, पूर्व मुखिया अशोक यादव, सुनील मेहता, बसंत मेहता, शिक्षक नेता संजय मेहता, सीआरपी जितेश्वर प्रसाद, सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मेहता, पंसस प्रदीप कुमार मेहता, शिक्षक नरेश रजक, सेवा राम,इंदु देवी, अरुण कुमार, राजीव कुमार, जय शंकर प्रजापति, कैलाश प्रसाद मेहता, प्रदीप पांडेय, उमेश रविदास, प्रकाश राम, रणविजय मेहता, इंद्रदेव मेहता आदि उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में सड़क कीचड़ में तब्दील



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नऊवाडीह-बराय मुख्य सड़क मार्ग जो कई गावों को जोड़ता है,उसकी काफी दयनीय स्थिति हो गयी है। इस सड़क का शिलान्यास किए छह महीने से ऊपर बीतने को चला उसके बावजूद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है।यह सड़क एक किमी दूर तक कालीकरण के तहत निर्माण कार्य पूरा किया है।बाकी एक से डेढ़ किमी दूर तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य करना है, जहां पीसीसी निर्माण कार्य पूरा करने के बजाय सड़क पर डस्ट डालकर ठेकेदार के द्वारा छोड़ दिया गया है।जिसके कारण हल्की बारिश में ही सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे इस सड़क से राहगीरों को आवागमन करने पर काफी कठिनाई हो रही है।इसके साथ दुर्घटना होने की संभावना काफी हद तक बढ़ गयी है।बराय मुखिया राजेंद्र कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सड़क की हालत पिछले कई वर्षों से खराब स्थिति में है। इस सड़क पर बाइक और चारपहिया वाहनो के परिचालन होने पर काफी कठिनाई होती ही है, बल्कि पैदल चलना भी जोखिम से भरा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान डस्ट डाले जाने के बाद रोड की स्थिति और भी बदतर हो गयी है। हल्की सी बारिश में कीचड़ और दलदल का रूप ले लेता है। यह स्थिति उत्पन्न सड़क निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण हुई है। जिससे सड़क की स्थिति और भी बदहाल हो गयी है।

पूर्व तट रेलवे
e-Tender Notice No.:
ETCECONIIIBBS2023029, Dtd. 19.06.2023
कार्य का नामः खोरधा रोड डिवीजन के अधीन हावडा–चेन्नई मेन लाइन पर रानीताल - भद्रक सेक्शन के बीच आरसीसी डैक स्लैब के साथ स्पान 72 मीटर बो स्ट्रिंग गर्डर के रोड ओवर ब्रिज एवं एलसी नं. 118 के स्थान पर किमी. 292/13–15 पर 4.00x2.50 मीटर साइज़ के सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण।
कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 1712.68 लाख
ईएमडी: ₹ 10,06,400/–
पूर्णता अवधि: 18 (अठारह) माह
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 20.07.2023 को 1200 बजे
इन ई–निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।
उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के पन्द्रह दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास–3 डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए और वह आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।
निविदादाता निविदा के सभी निर्देशों को भली–भांति पढ़ लें और सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही चेक लिस्ट, निविदा फार्म का पैरा 3.1 (अतिरिक्त चेक–लिस्ट) (द्वितीय शीट) निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 का संलग्नक–1, चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत् सत्यापित एवं हस्ताक्षरित संलग्नक–बी को जमा करना सुनिश्चित करें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/भुवनेश्वर
PR-37/CG/23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,400 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# 'गुगली' फेंकने वाले शरद पवार इस बार हो गये 'हिट विकेट'

## ▪ भतीजे अजित पवार ने दी ऐसी पटखनी, जिसकी कल्पना भी नहीं की थी
## ▪ एकनाथ शिंदे का फार्मूला लुभा गया जूनियर पवार को
## ▪ महाराष्ट्र की राजनीति से विपक्षी एकता के लिए भी संदेश छुपा है
## ▪ 2024 के रण से पहले अभी इस कथानक में कई अध्याय और जुड़नेवाले हैं

**महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद अब एनसीपी टूट गयी है। पार्टी के संस्थापक शरद पवार के भतीजे और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे अजित पवार अब महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री बन गये हैं। इतना ही नहीं, उनके साथ-साथ छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, दिलीप वालसे पाटिल और अनिल पाटिल जैसे शरद पवार के करीबी भी मंत्री बनाये गये हैं। यहां तक कि प्रफुल्ल पटेल, जिन्हें शरद पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले के साथ पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था, वह भी उनका साथ छोड़ कर चले गये हैं। करीब दो महीने पहले मई में शरद पवार ने जब राष्ट्रवादी कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की, तो इसे 'मास्टर स्ट्रोक' बताया था। जब जून में उन्होंने बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया, तो इसमें भी उनका 'राजनीतिक कौशल' देखा गया। कहा गया कि उन्होंने एनसीपी का भविष्य तय कर दिया है और भतीजे अजित पवार को भी उनकी राजनीतिक हैसियत समझा दी है। लेकिन दो जुलाई को वही मास्टर स्ट्रोक लगाने और अपनी 'गुगली' से अच्छे-अच्छों को 'क्लीन बोल्ड' करनेवाले शरद पवार 'हिट विकेट' हो गये। जूनियर पवार ने उन्हें ऐसी पटखनी दी, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। हालत यह हो गयी कि भतीजे की बगावत को सिर झुका कर स्वीकार करने के अलावा 'मराठा स्ट्रांगमैन' के पास कोई चारा नहीं रहा। आज स्थिति यह है कि शरद पवार के राजनीतिक कौशल का पता नहीं, उनके खुद के राजनीतिक भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। 82 वर्षीय शरद पवार अब उस अवस्था में भी नहीं रहे कि सक्रियता दिखा कर अपने खेमे को गोलबंद करें और अपनी बेटी के नेतृत्व में काम करने के लिए मनायें। महाराष्ट्र के सियासी घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में 2024 के आम चुनाव में शरद पवार की राजनीतिक संभावनाओं को टटोल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट और भाजपा की मिली-जुली सरकार ने शनिवार को अपनी पहली वर्षगांठ मनायी थी और रविवार को राज्य की राजनीति में एक नया धमाका हो गया। शरद पवार की नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट पड़ गयी। उनके अपने भतीजे अजित पवार ने 30 विधायकों के संग उनका साथ छोड़ दिया। अजित पवार का यह कदम एक साल पहले एकनाथ शिंदे के उस कदम के जैसा ही है, जिससे न केवल शिवसेना दो फाड़ हो गयी थी, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति में अहम स्थान रखनेवाली इस पार्टी पर से ठाकरे परिवार का एकाधिकार भी खत्म हो गया था। ठीक उसी तरह सोनिया गांधी के विदेशी मूल को लेकर कांग्रेस से बगावत कर एनसीपी की स्थापना करनेवाले शरद पवार आज अपनी ही पार्टी को अपने हाथों से निकलता हुआ देख रहे हैं।

### एनसीपी में फूट अनपेक्षित नहीं थी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट अनपेक्षित नहीं थी। अजित स्थायी असंतुष्ट नेता हैं। पार्टी के भीतर और बाहर भी अपनी नाराजगी उन्होंने प्रकट की है। वह संगठन और सत्ता, दोनों में बड़ी हिस्सेदारी चाहते हैं। करीब 15 दिन पहले जब शरद पवार ने प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था, तब भी अजित पवार असंतुष्ट थे। वह राज्य में भी बड़ा पद चाहते थे और केंद्र में भी उनकी बड़ी अपेक्षा थी। वह हमेशा सरकार में बने रहने के इच्छुक रहे हैं और इसके लिए कोई भी खेल खेलने की उनकी तैयारी रहती है। अजित पवार के साथ गये छगन भुजबल, धनंजय मुंडे और कई विधायक शरद पवार के करीबी माने जाते थे।

### चाचा- भतीजे की चाल पर हमेशा संदेह

अभी अजित पवार राज्य के उप मुख्यमंत्री बन चुके हैं। उनका ताजा स्टेटस ऐसा ही है। परंतु चाचा-भतीजे की इस जोड़ी की चाल हमेशा संदेह की निगाहों से देखी जाती है। रविवार को जब अजित पवार के घर एनसीपी विधायकों की बैठक हो रही थी, उस पर शरद पवार की प्रतिक्रिया थी कि अजित विपक्ष के नेता हैं और वह कभी भी विधायकों की बैठक ले सकते हैं। राजनीतिक नजरिये से यह एक बहुत ठंडी प्रतिक्रिया थी। पिछले घटनाक्रम या 2019 की घटनाओं को देखें, तो उस समय अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस की सरकार में उप मुख्यमंत्री पद संभाला था। वह बहुत ही अल्पजीवी सरकार थी, लेकिन चार साल बाद जब खुलासा हुआ, तो पहले देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शरद पवार की सहमति से ही अजित पवार के साथ सरकार बनी थी और शरद पवार ने कहा कि उन्होंने एक गुगली फेंकी थी, जिसमें फंस कर फडणवीस क्लीन बोल्ड हो गये थे। ताजा स्थिति में अब पवार ही खुलासा कर सकते हैं कि क्या हुआ है, क्यों हो रहा है और कैसे हुआ है। इसके लिए कुछ इंतजार करना पड़ेगा।



### कितने विधायक हैं अजित के साथ

अजित पवार ने जो बैठक बुलायी थी, उसमें उनके साथ 30 विधायक नजर आये। विधानसभा में एनसीपी के 53 विधायक हैं। बैठक में पार्टी के दोनों कार्यवाहक अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले भी शामिल हुए थे, लेकिन सुप्रिया सुले बैठक से उठकर चली गयीं। नयी परिस्थितियों में यह कहना जल्दबाजी होगी कि अजित पवार के साथ कितने विधायक हैं और शरद पवार के साथ कितने विधायक बचे हैं। सारी बातें धीरे-धीरे सामने आती हैं। हर पार्टी में कुछ विधायक चहारदीवारी पर बैठे होते हैं, जो हवा का रुख देखकर उसके अनुसार कूदते हैं। डैमेज कंट्रोल के लिए शरद पवार क्या कार्रवाई करते हैं, किस तरह के कदम उठाते हैं, उसे देखकर ही चहारदीवारी पर बैठे विधायक कोई निर्णय लेंगे।

### किसके साथ हैं प्रफुल्ल पटेल

जब अजित पवार राजभवन गये, तब उनके साथ प्रफुल्ल पटेल भी थे। इसका मतलब यही निकाला जा रहा है कि शरद पवार के लंबे समय से साथी रहे प्रफुल्ल पटेल भी उनका साथ छोड़ चुके हैं। जहां तक प्रफुल्ल पटेल की बात है, तो वह केंद्र की राजनीति में ही रहे हैं। सभी दलों में उनकी अच्छी जान पहचान है। इसके बावजूद उन्हें व्यापक जनाधार वाला नेता नहीं माना जाता। इसके विपरीत शरद पवार की बेटी होने के कारण सुप्रिया सुले राज्य और केंद्र में भी जानी पहचानी हस्ती हैं। श्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। जो भी हो, प्रफुल्ल पटेल के पाला बदलने का कोई तत्काल कारण फिलहाल नजर नहीं आ रहा है।

### क्या शिवसेना की राह पर चल पड़ी है एनसीपी

भाजपा ने शिवसेना को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। शिवसेना को खोखला करने में शरद पवार का अप्रत्यक्ष हाथ होने की बात सभी लोग मानते हैं। शिवसेना की दुर्दशा में संजय राउत, आदित्य ठाकरे और स्वयं उद्धव ठाकरे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। टूटती शिवसेना को बचाने के लिए उद्धव ठाकरे की ओर से जो प्रयास किये गये थे, वे बचाने के नहीं, बल्कि डुबाने के ज्यादा थे। साथ छोड़ने वाले विधायकों को गद्दार, धोखेबाज और न जाने क्या-क्या कहा गया। इतना कहने के बाद कोई उम्मीद कैसे कर सकता है कि वे लोग आपसे दोबारा जुड़ेंगे। उद्धव ठाकरे की तुलना में शरद पवार ज्यादा चालाक और अनुभवी नेता हैं। वह साथ छोड़ने वाले विधायकों के बारे में ऐसा कुछ भी नहीं कहेंगे, जिससे उनकी वापसी का मार्ग बंद हो जाये। शरद पवार बड़े जीवट नेता हैं। यदि उनकी सहमति से यह खेला हुआ है, तब तो वह कुछ ज्यादा नहीं कहेंगे, लेकिन यदि वास्तव में उनकी मर्जी के खिलाफ भी यह काम हुआ है, तो वह अभी भी अपने बलबूते पर राज्य में 30 से 40 सीटें जिताने की ताकत रखते हैं। उनके खिलाफ सिर्फ एक ही बात है, उनकी उम्र और उनका स्वास्थ्य। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा, तो वह भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट और अजीत पवार के साथ गये बागी विधायकों को अच्छा सबक सिखाने में कामयाब हो सकते हैं। प्रदेश की राजनीति में उन्हें चूका हुआ नेता मानना बड़ी भूल होगी।

### कैसे करेंगे डैमेज कंट्रोल

जब शिवसेना टूटी थी, तो उद्धव ठाकरे के पास डैमेज कंट्रोल के लिए काफी समय था, लेकिन बयानबाजी करके उन्होंने अपना समय गंवा दिया। अभी जो कुछ हुआ है, उसमें शरद पवार के पास संसदीय दांव-पेंच खेलने के लिए ज्यादा समय नहीं है। साथ छोड़ने वाले विधायकों को व्हिप जारी करने या ऐसा कुछ कदम उठाने का उन्हें मौका नहीं मिल पाया है और अब यदि वह सब कुछ करते हैं, तो यह सिर्फ लकीर पीटने जैसा होगा। उन्हें कोई कानूनी राहत मिल पायेगी, इस बारे में संदेह ही है।

वहीं उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में एक बड़ी बात कही है। दरअसल सामना में लिखे एक लेख में शिवसेना ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे को सीएम पद से हटाने के लिए भाजपा ने अजित पवार से हाथ मिलाया है। लेख के अनुसार, 'जल्द ही अजित पवार, एकनाथ शिंदे की जगह ले लेंगे। सामना में दवा किया गया है कि अजित पवार सिर्फ डिप्टी सीएम बनने के लिए सरकार में शामिल नहीं हुए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बागी विधायकों को जल्द ही अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और पवार की ताजपोशी होगी।' लेख में ये भी लिखा गया है कि 'राज्य की राजनीति में जो भी घट रहा है, वो लोगों को पसंद नहीं आएगा। महाराष्ट्र में ऐसी राजनीतिक परंपरा नहीं रही है और लोग कभी भी इसका समर्थन नहीं करेंगे।'

### राष्ट्रीय राजनीति में अब पवार की क्या स्थिति होगी

पटना में पिछले दिनों विपक्ष की एकता के लिए बुलायी गयी 17 विपक्षी दलों की बैठक में शरद पवार की बड़ी भूमिका थी। पवार की पार्टी राष्ट्रीय स्तर की पार्टी होने का दर्जा खो हो चुकी है, लेकिन प्रदेश की राजनीति में उनका दबदबा कायम था। अभी की स्थिति में शरद पवार कमजोर दिखाई दे रहे हैं और उनकी हालत शिवसेना से कोई बेहतर नहीं है। कुल मिलाकर महाराष्ट्र से शिवसेना या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय राजनीति में कोई महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में फिलहाल तो नहीं है। विधायकों और सांसदों की संख्या ही राष्ट्रीय राजनीति में किसी हस्ती का स्टेटस तय करती है। जो मजबूत स्थिति ममता बनर्जी या स्टालिन की है, वह स्थिति शरद पवार या उद्धव ठाकरे की नहीं है। इसलिए राष्ट्रीय राजनीति में कहीं ना कहीं शरद पवार को जबरदस्त धक्का लगा है। विपक्षी एकता को लेकर अगली बैठक बेंगलुरु में होने वाली है, लेकिन पवार उसमें अपनी बात मजबूती और भरोसे के साथ रख पायेंगे या कह पायेंगे या उनकी बात पर भरोसा किया जायेगा, इस पर संदेह के बादल हैं।

### 'कर्मा रिटर्न्स' का सिद्धांत

ऐसा कहा जाता है कि आप अच्छा या बुरा, जो कुछ भी करें, वह आपके पास लौटकर आता है। जुलाई 1978 में शरद पवार ने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटील को धोखा देकर जनता पार्टी के साथ मिलकर प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक फ्रंट बनाया और सिर्फ 38 साल की उम्र में वह महाराष्ट्र के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कांग्रेस को धोखा दिया था, इसलिए जब 1980 में इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी हुई, तो उन्होंने शरद पवार के नेतृत्व वाली पीडीएफ सरकार को बर्खास्त कर दिया। शरद पवार ने वसंतदादा पाटील को जो धोखा दिया था, वही 82 बरस की उम्र में उनके पास उनके भतीजे अजित पवार के रूप में वापस लौटा है। शायद 'कर्मा रिटर्न्स' का सिद्धांत यही है और यह सिद्धांत सभी पर लागू होता है। समय का इंतजार तो करना ही पड़ता है।

## रामगढ़ की खबरें

### पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को लेकर उपायुक्त ने की बैठक
# नियमों को नहीं माननेवाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर करें कार्रवाई: माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय के सभागार में सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के निमित्त प्रावधानों के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



**ऑनलाइन व ऑफलाइन एंट्री का मिलान कर नियमानुसार करें कार्रवाई :** बैठक में डीसी ने सिविल सर्जन से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी और उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने और उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण और नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जांच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित:** बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डीआरसीएचओ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ स्वराज, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्री गुरु नानक स्कूल में मना इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे
# बच्चे बदल सकते है देश और समाज का भविष्य: हरजाप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे। प्लास्टिक बैस पर रोकथाम के लिए हर वर्ष 3 जुलाई को इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदूषण की समस्या और पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। बिगड़ते पर्यावरण दुनिया के लिए खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक के बैग्स डीकंपोज होने में सैकड़ों सालों का समय लगने के कारण है। पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनकर सामने आया है। इसलिए



लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह अपने जीवन से प्लास्टिक को निकाल फेंके। विद्यालय के बच्चों ने रामगढ़ को प्लास्टिक मुक्त बनाने की प्रतिज्ञा ली।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## पहले आम राय बने

देश में समान आचार संहिता लागू करने का मसला एक बार फिर चर्चा में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले दिनों यह मुद्दा उठाने के बाद से इस पर विपक्ष और सत्ता पक्ष, दोनों खेमों में उथलपुथल दिख रही है। कल तक दिल्ली में नौकरशाही पर नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों से समर्थन जुटाने में लगी आम आदमी पार्टी ने अचानक कांग्रेस और बाकी विपक्षी दलों के रुख की परवाह न करते हुए समान आचार संहिता का सिद्धांत रूप में समर्थन कर दिया। अकाली दल ने देर किए बगैर इसे बीजेपी से उसकी मिलीभगत का उदाहरण करार दिया। शिवसेना (उद्धव गुट) ने भी समान आचार संहिता का समर्थन करने की बात कह दी। इसी बीच, मेघालय के मुख्यमंत्री और बीजेपी की सहयोगी पार्टी एनपीपी के नेता कोनराड संगमा ने इसका विरोध करने की घोषणा की। हालांकि इस तमाम उथलपुथल को शुरूआती प्रतिक्रिया के ही रूप में लिया जा सकता है। समाज ही नहीं राजनीतिक दलों का भी एक बड़ा हिस्सा अभी पूरे मामले को देख-सुन-परख रहा है। यह मामला है भी बहुत जटिल। बीजेपी तो शुरू से यह मांग उठाती रही है, लेकिन समाज और राजनीति के अन्य हिस्सों के विरोध का यह आलम रहा है कि जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई में पहली एनडीए सरकार बनी तो उससे पहले बीजेपी को अपने तीन मूल मुद्दे स्थगित रखने की घोषणा करनी पड़ी। इनमें समान आचार संहिता को लागू करना भी शामिल था। मगर 2014 में बीजेपी के पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने के बाद से स्थिति बदल चुकी है। खास कर 2019 में सीटों की संख्या और बढ़ा चुकी बीजेपी अब अन्य दलों का ऐसा कोई आग्रह मानने को मजबूर नहीं है। इसीलिए राजनीतिक हलकों में उम्मीदें और आशंकाएं दोनों बढ़ी हुई हैं। हालांकि सैद्धांतिक तौर पर देखा जाये तो पूरे देश के सिविल कानूनों में एकरूपता लाने का विचार गलत नहीं है। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में इसका शामिल होना भी बताता है कि संविधान निमार्ताओं की भावना इसके पक्ष में थी। सुप्रीम कोर्ट के एकाधिक फैसले इस बारे में आ चुके हैं, जो कहते हैं कि सरकार को इस दिशा में सही ढंग से कदम बढ़ाना चाहिए। हाल ही में लॉ कमिशन ने भी इस बारे में लोगों से राय मांगने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके मद्देनजर यह भी कहा जा रहा है कि लॉ कमिशन की पहल के बाद प्रधानमंत्री को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था, क्योंकि इससे लॉ कमिशन की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। लेकिन लॉ कमिशन और अन्य संस्थाओं की भूमिका की अहमियत स्वीकार करते हुए भी यह नहीं भूलना चाहिए कि यह मसला आखिरकार राजनीति से ही तय होना है। अगर देश में इस सवाल पर किसी तरह की आम राय बननी है, तो वह राजनीतिक बहस और विचार-विमर्श से ही होगा। इसलिए जल्दबाजी में कोई कदम भले न उठाया जाये, इस मुद्दे पर बहस और विचार-विमर्श की प्रक्रिया जरूर चलती रहनी चाहिए।

**सैद्धांतिक तौर पर देखा जाये तो पूरे देश के सिविल कानूनों में एकरूपता लाने का विचार गलत नहीं है। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में इसका शामिल होना भी बताता है कि संविधान निमार्ताओं की भावना इसके पक्ष में थी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**क्या कभी आपने सोचा कि जो गजराज अपनी सूंड से टनों वजन उठा लेता है, जंगल का राजा कहलाया जाने वाला शेर भी उसके सामने ठहर नहीं पाता, जो एक धक्के में मकान तक गिरा सकता है, वो इतना कमजोर और आज्ञाकारी कैसे हो जाता है कि महावत के अंकुश की नोक के प्रहार से डर कर एक बालक की तरह कहना मानने लगता है? आप कहेंगे कि ये उसको दिये गये प्रशिक्षण का कमाल है। बस, यहीं असली पेंच है। शिवम बताते हैं कि दरअसल यह प्रशिक्षण नहीं, बल्कि यातना है, जो गजराज के स्वाभिमान को इस सीमा तक तोड़ देती है कि वह अपने बल को भी भूल जाता है।**

# हाथियों को मनोरंजन का साधन न मानें

विनीत नारायण



**मथुरा के हाथी संरक्षण केंद्र में मिली इस अभूतपूर्व जानकारी और हृदय विदारक अनुभव के बाद मैंने और मेरे परिवार की तीन पीढ़ियों ने यह संकल्प लिया कि अब हम कभी हाथी की सवारी नहीं करेंगे। वहां से विदा होते समय शिवम ने यही अपील हमसे की और कहा कि आप देशवासियों को और खास कर बच्चों को ये बताने का प्रयास करें कि अगर हाथियों को मनोरंजन का साधन न मान कर जंगलों में स्वतंत्र रहने दिया जाये, तो इससे देश में जंगलों को बचाने में भी मदद मिलेगी।**

बचपन से हम विशालकाय हाथियों को देख कर उत्साहित और आह्लादित होते रहे हैं। काजीरंगा, जिम कोर्बेट, पेरियार जैसे जंगलों में हाथी पर चढ़ कर हम सब वन्य जीवन देखने का लुत्फ उठाते आये हैं। जयपुर में आमेर का किला देखने भी लोग हाथी पर चढ़ कर जाते हैं।

सर्कस में रिंग मास्टर के कोड़े पर आज्ञाकारी बच्चे की तरह बड़े-बड़े हाथियों के करतब करते देख बच्चे-बूढ़े दंग रह जाते हैं। धनी लोगों के बेटों की बारात में हाथियों को सजा-धजा कर निकाला जाता है। मध्य युग में हाथियों की युद्ध में बड़ी भूमिका होती थी। देश के तमाम धर्म स्थलों में और कुछ शौकीन जमीदाराना लोगों के घरों में भी पालतू हाथी होते हैं। दक्षिण भारत के गुरुवयूर मंदिर में 60 हाथी हैं जो पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं।

आज तक मैं भी सामान्य लोगों की तरह गजराज के इन विभिन्न रूपों और रंगों को देख कर प्रसन्न होता था, पर पिछले हफ्ते मेरी यह प्रसन्नता दो घंटे में काफूर हो गयी जब मैं मथुरा के हाथी संरक्षण केंद्र को देखने पहली बार गया। यहां लगभग 30 हाथी हैं, जिन्हें अमानवीय अत्याचारों से छुड़ा कर देश भर से यहां लाया गया है। ये भारत का अकेला हाथी संरक्षण केंद्र है, जहां जा कर हाथियों के विषय में ऐसी जानकारियां मिलीं जिनका आपको या हमें रत्ती भर अंदाजा नहीं है। ये जानकारियां हमें शिवम ने दीं, जो कि बीटेक, एमटेक करने के बाद, वन्य जीवन संरक्षण के काम में जुटे हैं।

**एक हाथी औसतन 250 किलो रोज खाता है।**

क्या कभी आपने सोचा कि जो गजराज अपनी सूंड से टनों वजन उठा लेता है, जंगल का राजा कहलाया जाने वाला शेर भी उसके सामने ठहर नहीं पाता, जो एक धक्के में मकान तक गिरा सकता है, वो इतना कमजोर और आज्ञाकारी कैसे हो जाता है कि महावत के अंकुश की नोक के प्रहार से डर कर एक बालक की तरह कहना मानने लगता है? आप कहेंगे कि ये उसको दिये गये प्रशिक्षण का कमाल है। बस, यहीं असली पेंच है। शिवम बताते हैं कि दरअसल यह प्रशिक्षण नहीं, बल्कि यातना है, जो गजराज के स्वाभिमान को इस सीमा तक तोड़ देती है कि वह अपने बल को भी भूल जाता है।

उसके प्रशिक्षण के दौरान उसके पैरों में लोहे की कांटेदार मोटी-मोटी जंजीरें बांधी जाती हैं कि वह अगर जरा भी हिले-डुले तो उसके पैरों में गहरे जख्म हो जाते हैं, जिनसे खून बहता है। इस जंजीर का इतना भय हाथी के मन में बैठ जाता है कि भविष्य में अगर उसकी एक टांग को साधारण रस्सी से एक कच्चे पेड़ से भी बांध दिया जाये तो वह बंधन मुक्त होने की कोशिश भी नहीं करता और सारी जिंदगी इसी तरह मालिक के अहाते में बंधा रहता है।

एक हाथी औसतन 250 किलो रोज खाता है। इसलिए वह दिन भर खाता रहता है, लेकिन उसका पाचन तंत्र इस तरह बना है कि वह जो खाता है, उसका आधा ही पचा पाता है। शेष आधा वह मल द्वार से निकाल देता है। हाथी के इस मल में तमाम तरह के बीज होते हैं। इसलिए जंगल में जहां-जहां हाथी अपना मल गिराता है, वहां-वहां स्वतः पेड़-पौधे उगने लगते हैं। इस तरह हाथी जंगल को हरा-भरा बनाने में भी मदद करता है, जिससे प्रकृति का संतुलन भी बना रहता है।

जब हाथी को लालची इंसान द्वारा पैसा कमाने के लिए पालतू बनाया जाता है, तो उसे भूखा रख कर तड़पाया जाता है, जिससे बाद में वह भोजन के लालच में, मालिक के जा-बेजा सभी आदेशों का पालन करे। सामाजिक, धार्मिक या राजनीतिक समारोहों में जोते जाने वाले हाथियों को बंधुआ मजदूर की तरह घंटों प्यासा रखा जाता है। उसे तपती धूप में, कंकरीट या तारकोल की आग उगलती सड़कों पर घंटों चलाया जाता है। कई बार जानबूझकर अंकुश की नोक से उसकी आंखें फोड़ दी जाती हैं। इस तरह भूखे-प्यासे, घायल और अंधे हाथियों से मनमानी सेवाएं ली जाती हैं।

प्रायः इनका कोई इलाज भी नहीं कराया जाता। प्रशिक्षण के नाम पर इन यातना शिविरों में रहते हुए ये हाथी अपना भोजन तलाशने की स्वाभाविक क्षमता भूल जाते हैं और पूरी तरह अपने मालिक की दया पर निर्भर हो जाते हैं। अक्सर आपने हाथी को सजा-धजा कर साधु के वेश में भिक्षा मांगते हुए लोगों को देखा होगा। भिक्षा मांगने के लिए प्रशिक्षित ये सब हाथी प्रायः अंधे कर दिये जाते हैं।

एशियाई प्रजाति के दुनिया भर में लगभग 60 हजार हाथी हैं, जिनमें से लगभग 22-23 हजार हाथी भारत के जंगलों में पाये जाते हैं, जबकि गुलामी की जिंदगी जी रहे हाथियों की भारत में संख्या लगभग 1500 है। ये हाथी कभी भी अपना स्वाभाविक जीवन नहीं जी सकते, क्योंकि इनका बचपन इनसे छीन लिया गया है। ऐसे सभी हाथियों को बंधन मुक्त करके अगर संरक्षण केंद्रों में रखा जाये तो एक हाथी पर लगभग डेढ़ लाख रुपये महीने खर्च होते हैं। मथुरा के हाथी संरक्षण केंद्र को दिल्ली में रह रहे एक दक्षिण भारतीय दंपत्ति ने 2009 में शुरू किया था।

मथुरा के हाथी संरक्षण केंद्र में मिली इस अभूतपूर्व जानकारी और हृदय विदारक अनुभव के बाद मैंने और मेरे परिवार की तीन पीढ़ियों ने यह संकल्प लिया कि अब हम कभी हाथी की सवारी नहीं करेंगे। वहां से विदा होते समय शिवम ने यही अपील हमसे की और कहा कि आप देशवासियों को और खास कर बच्चों को ये बताने का प्रयास करें कि अगर हाथियों को मनोरंजन का साधन न मान कर जंगलों में स्वतंत्र रहने दिया जाये, तो इससे देश में जंगलों को बचाने में भी मदद मिलेगी।

स्कूल के बच्चों को अगर हाथियों की दुर्दशा के बारे में उपरोक्त जानकारियां बचपन से ही दी जायें, तो भविष्य में हाथी संरक्षण का बड़ा काम हो सकता है। यह विडंबना ही है जिन गजराज को आस्थावान हिंदू गणेश का स्वरूप मानते हैं, उन पर वे व अन्य धर्मों के लोग, ऐसे अत्याचार क्यों करते हैं या क्यों होने देते हैं?

# जमशेदपुर की खबरें

## बन्ना गुप्ता से मिले कांग्रेस जिलाअध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय में सेमेस्टर 5 के लिए समय से कक्षाएं संचालित नहीं होने से छात्रों का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। छात्रों का मानना है कि कक्षाएं संचालित नहीं होने से भविष्य अंधेरे में होता जा रहा है। वही बिना पढ़ाई के परीक्षा लेने से छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। छात्रों की परेशानियों को देखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से छात्रों की हो रही समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। सौपे गए मांग पत्र में लगभग 1500 छात्रों ने हस्ताक्षर किया। मौके पर उन्होंने मंत्री बन्ना गुप्ता से छात्रों के भविष्य को देखते हुए कोल्हान विश्वविद्यालय से वार्ता कर सभी छात्रों को स्नातक सेमेस्टर 5 में प्रोमोट करने और जल्द स्नातक सेमेस्टर 6 को पूरा करवाने की अपील की। मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस विषय पर जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता कर समाधान के आश्वासन दिया। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, पूर्वी सिंहभूम यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सनी सिंह, पूर्वी विधानसभा महासचिव यूथ कांग्रेस के निखिल तिवारी, एनएसयुआई के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## आनंद बिहारी दुबे के सहयोग से एक दिवसीय कैंप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बागुनहातु फुटबॉल मैदान के पास विकास भवन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के पहल और समर्पण की एक सोच नई दिशा की ओर संस्था के सहयोग से एक दिवसीय कैंप लगाया गया। सोमवार को कैंप का उद्घाटन गोलमुरी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता और टेल्को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा किया गया। 8स अवसर पर मछिंद्र निषाद, सुभाष प्रमाणिक, रविंद्र कुमार, गामा,शशि वीर राणा,शेखर कालिंदी,अरमान,रानी राव,रंजीत कुमार मौजुत रहे। गुरु पूर्णिमा के दिन कैंप के माध्यम से बागुनहातू क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद लोगों का विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और दिव्यांग पेंशन का फॉर्म भरवाया गया। इस अवसर पर लगभग 200 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया। सभी ने तहे दिल से कांग्रेस जिला अध्यक्ष और संस्था के प्रति आभार व्यक्त की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष दीपक कर्मकार ,सचिव अभिषेक बेरा, कोषाध्यक्ष बिल्ला लोहार, उपाध्यक्ष सपन चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष रूपलाल लोहार, उपाध्यक्ष मयंक लोहार और संस्था के अन्य सदस्य और काफी संख्या में बस्ती वासी मौजूद रहे।

## झामुमो ने चलाया विधानसभा स्तरीय सदस्यता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**कुचाई।** सरायकेला खरसावां जिले के कुचाई किसान भवन सभागार में झारखंड मुक्ति मोर्चा का खरसावां विधानसभा स्तरीय सदस्यता अभियान सह नए मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, केंद्रीय सदस्य सुधीर महतो शामिल हुए। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री महतो ने बताया पूरे जिले के 132 पंचायत, तीन नगर पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 70 हजार नये सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। विधायक गागराई ने बताया कि प्रखंड और पंचायत में सदस्यता अभियान की जवाबदेही प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड कमिटी की है। झारखंड में सदस्यता अभियान का शुरूआत कर दिया गया है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से कहा लक्ष्य बनाकर काम करें तो मुझे उम्मीद है हम लोग से ज्यादा सदस्यों को जोड़ सकते हैं। श्री गागराई ने कहा राज्य का भला झारखंड मुक्ति मोर्चा ही कर सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी झारखंड सरकार बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कसने की बात कही। मौके पर कोई लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। सभी को पट्टा देकर पार्टी में शामिल किया गया। मौके पर दशरथ गागराई, बासंती गागराई, अर्जुन गोप, भरत सिंह मुंडा, मांगीलाल महती, करम सिंह मुंडा, दुर्गा चरण पाडेया, धनु मुखी, मुन्ना सोय, राम सीय, अजय सामड, अमर सिंह हासदा, राहुल सीय, घनश्याम सीय, रानी हेंब्रोम, रानी बानरा, बबलू हेंब्रोम, सानगी हेंब्रोम, गारदी सीय, प्रकाश महतो, हिमांशु महतो, दशरथ महतो सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कैरेज कॉलोनी में श्री श्री खिलेश्वर भोलेनाथ सिद्धि शिर्डी साईं बाबा मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उद्धघाटन किया। विधायक ने अपने निजी खर्च से मंदिर में सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया। मौके पर मंदिर में विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में भजन का आयोजन किया गया। मौके पर स्थानीय लोगों ने भक्ति भाव से साईं बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने साईं बाबा का आरती कर क्षेत्र वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया। मौके पर महेन्दर पांडेय, सरिता देवी, बादल दास, बलदेव दास, रमेश सह, संतोष चंद्रवंशी, जितेंदर सिंह,शिबू,भोला पांडेय, विजय चौधरी सहित क्षेत्र के सैकड़ों झामुमो समर्थक शामिल रहे हैं।

## रैयत विस्थापितों के रोजगार के लिए मोर्चा ने मोनेट का कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोका



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने मोनेट कोल वाशरी में स्थानीय रैयत विस्थापितो के रोजगार की मांग को लेकर मोनेट का कोयला ट्रांसपोटिंग तीन घण्टे रोक दिया। कांटा घर के पास जाकर जमकर नारेबाजी की। मोर्चा नेताओं ने कहा कि मोनेट कोल वाशरी खुले इतना दिन हो गया है लेकिन रैयत विस्थापितो को रोजगार देने के मामले पर टाल मटोल करता रहता है।वाशरी के अंतर्गत कई ऐसे कार्य है, जिसमे स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार से जोड़ा जा सकता है लेकिन मोनेट प्रबंधन ध्यान नहीं देता है। वही बगल में केकराहीगढ़ा सहित कई गांव है जहां सीएसआर के तहत कोई विकास कार्य नही दिखता है। लोगो के आवागमन के लिए सड़क ठीक नही है इसलिए मोर्चा ने आक्रोशित होकर काम बन्द कराया गया। बाद में मोनेट प्रबंधन द्वारा सकरात्मक पहल करते हुए मंगलवार को वार्ता करने की बात कही है, जिसके बाद काम चालू हुआ

## विधायक ने रामार्चा पूजा में 33 कोटी देवी-देवताओं की अराधना की



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गुरू पुर्णिमा के अवसर पर विधायक सरयू राय ने बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय के समक्ष मैदान में रामार्चा पूजा का आयोजन किया। सोमवार को सुबह 08:30 बजे से पुजा प्रारंभ की गई। रामार्चा पूजा के दौरान बतौर मुख्य यजमान विधायक सरयू राय के साथ सैकड़ो भाजमो महिलाएं, भाजमो का सैकड़ो कार्यकर्ता व समर्थक पूजा में बैठे। बिहार से आये पुरोहित गौरी कांठ ठाकुर के द्वारा पूजा शुरू की गई। वहीं स्थानीय पुरोहित विनोद पांडेय और धंजी पांडेय ने मिलकर पुजा संपन्न कराया। विधायक सरयू राय के द्वारा प्रत्येक वर्ष गुरू पुर्णिमा के अवसर पर रामार्चा पूजा का आयोजन किया जाता है। सोमवार को पांच आवरण में रामार्चा पूजा किया गया। रामार्चा पुजा में अधिक फल प्रसाद ग्रहण करने और प्रसाद का वितरण करना होता है। पुजा तीनों तापो को हरने वाली है, चारों पुरुषार्थो अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष प्रदान करने वाली है। रामार्चा पूजा में भगवान राजा राम, उनके परिवार सहित 33 कोंटी देवी- देवता की पुजा-अराधना की गई। विधायक सरजू राय के द्वारा किये गए दो दिवसीय रामार्चा पूजा में मंगलवार को विधायक कार्यालय ने सुबह 7.30 बजे से रूद्राभिषेक किया जाएगा। जहा सैकड़ो लोग शामिल होंगे। मंगलवार दिन के 12.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा और आसपास क्षेत्र से सैकड़ों लोग महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। सोमवार को रामार्चा पूजा में भाजमो नेता धर्मेंद्र तिवारी, शैलेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह पपु , शिव शंकर सिंह, कविता परमार, उदय सिंहदेव, विजय महतो, अरूण सिंह, रवींद्र सिंह, जगन्नाथ शाही,भाजमो प्रदेश, जिला एवं मंडल से सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## बारिखाप मे नीलांबर-पीतांबर की लगेगी प्रतिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारीखाप स्थित कंडरका नदी के समीप पथलगड़ी स्थल में सोमवार को खरवार भोक्ता समाज विकास संघ ने प्रथम स्वत्रंता संग्राम के महानायक वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शाही भोगता का प्रतिमा स्थापित को लेकर खरवार भोक्ता विकास समाज संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू , उपाध्यक्ष रामनाथ गंझु ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात केन्द्रीय अध्यक्ष गंझु ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक प्रखंड में कहीं भी स्वत्रंता आंदोलन मे शहीद हुए नीलांबर पीतांबर का प्रतिमा नहीं लगाई गईं हैं।

# महर्षि वेदव्यास जयंती पर शिक्षक एवं विद्यार्थी किये गये सम्मानित

## गुरु शिष्य का सम्मान सामाजिक बदलाव का संकेत : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गुरु शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अहम हिस्सा : डॉ राजकुमार**

**जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वयस्था बनाने में निजी विद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान : अलखनाथ पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास जयंती/गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में शिक्षक सह विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महापुरुषों के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद सम्मानित अतिथि के रूप में निषाद समाज से भूतपूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों यथा- जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गढ़वा जिला के काफी अनुभवी एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। फिर गढ़वा-पलामू से आये लगभग 300 से ऊपर छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद सह विकासशील इंसान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रो. राजकुमार ने भगवान वेदव्यास जी के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी। वेदव्यास जी चारों वेद, अठारह पुराण और महाभारत के रचयिता थे। इनके मार्गों पर चलकर ही समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार संभव है। उन्होंने अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थियों का संगम को खूब सराहा। विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट यू आर रामेश्वरम ने कहा कि मेहनत के बल पर किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल हो सकती है। हमारे लिए राष्ट्रसेवा सर्वोपरि है।

वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता अलख पांडेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमलोगों ने मिलकर गढ़वा जिला को काफी आगे लाने का प्रयास किया है। इसका उदाहरण है कि आज मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक एवं अन्य परीक्षाओं में हर वर्ष सफलता मिल रही है और जिला का नाम रौशन हो रहा है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र से बच्चों की प्रतिभा को जिला मुख्यालय में लाकर सम्मान देना बहुत बड़ी बात है। इससे ग्रामीण बच्चों को भी आगे बढ़ने की जिज्ञासा बढ़ेगी।

विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम को सजाने का बीड़ा खुद अपने ऊपर लेकर चिकित्सा पदाधिकारी सह महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि समाजसेवा हमारी प्राथमिकता है सामाजिक कार्यों से ही समाज की दिशा व दशा बदलेगी।

कार्यक्रम को चार चांद लगाने पहुंचे स्थानीय विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने समस्त शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी को एक जगह लाकर सम्मानित करना सामाजिक बदलाव का संकेत है। इस तरह के कार्यक्रम से शिक्षक और छात्र-छात्राओं को नई ऊर्जा मिलेगी।

मौके पर गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, जरही मुखिया महेन्द्र चौधरी, डंडा मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौधरी, चेचरिया मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, हासनदाग मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र चौधरी, फरठिया बीडीसी संजय चौधरी, प्रदेश के पदाधिकारी प्रेम चौधरी, ललन चौधरी, बिनोद चौधरी, प्रेमलाल चौधरी, दामोदर चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, विद्वत परिषद के जिला अध्यक्ष चन्द्रदेव चौधरी, नारी शक्ति परिषद के गढ़वा जिला अध्यक्ष शारदा चौधरी, युवा परिषद के जिला अध्यक्ष पूर्व मुखिया शिव कुमार चौधरी, युवा परिषद के पलामू जिला अध्यक्ष ललन चौधरी, पूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि वंशी चौधरी, वीआईपी प्रदेश महासचिव बचनदेव चौधरी सहित काफी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ कुलदेव चौधरी, अध्यक्षता गढ़वा जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी एवं मंच संचालन सुमेर कुमार चौधरी ने किया।

### सम्मानित होने वाले शिक्षक

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में डॉ रेयाज अहमद, उमेश राम, रविंद्र कुमार ओझा, कृष्ण मुरारी पांडेय, सुजीत कुमार यादव, राजेंद्र राम, नंद गोपाल भगत, अनिल कुमार विश्वकर्मा, हरिनंदन त्रिपाठी, सुनील कुमार ठाकुर, अरुण मेहता, नीलम द्विवेदी, प्रभात रंजन सिंह, अजय कुमार मिंज, विनोद राम, कुसुम कुमारी, क्रिस्ट किरण कुजूर, अंजना केशरी, अजय प्रसाद सेठ, गोपीचंद चौधरी, सीताराम चौधरी, गोरखनाथ तिवारी, सुनीता कुमारी सिंह, राकेश कुमार चौधरी, कमलेश चौधरी, वीरेंद्र सिंह, कामेश्वर उपाध्याय, शिवानी केशरी, आशा कुमारी, भारती कुमारी, नीरज सिंह, बाबूलाल सिंह, राम प्रदीप राम, पांडे पवन कुमार, अमित गुप्ता, आलोक कुमार चौधरी शामिल हैं।

# गढ़वा जिला राजद 5 जुलाई को मनायेगा स्थापना दिवस समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अशोक विहार गढ़वा में जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में पलामू संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय जनता दल के कामेश्वर बैठा, प्रदेश महासचिव राज्य संसदीय बोर्ड के सदस्य जमीरुदीन अंसारी, प्रदेश सचिव डॉ मकबूल, प्रखंड अध्यक्ष गढ़वा नौशाद अली अंसारी, जिला सचिव शंभू शर्मा व अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रेस वार्ता में सूरज सिंह द्वारा कहा गया कि आगामी 5 जुलाई बुधवार को 11:00 बजे से राजद का 27वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय अशोक विहार में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें गढ़वा जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति के सभी सदस्य एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों से निवेदन है कि अपने-अपने क्षेत्रों से तमाम कार्यकर्ताओं सहित स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।


कार्यालय:– अंचल अधिकारी, जयनगर (कोडरमा)
आम–सूचना

वजरिये इस आम सूचना के माध्यम से सभी दावेदारों/आमजनो को सूचित किया जाता है कि मौजा–पिपचो, थाना–जयनगर, जिला–कोडरमा, थाना सं0–108, अन्तर्गत खाता सं0 103, प्लॉट सं0 630, गैरमजरूआ–खास भूमि है।उक्त भूमि के विभिन्न खण्डों पर दावा कर रहे सभी दावेदारों एवं आमजनों को सूचित जाता है कि दिनांक 10.07.2023 एवं 11.07.2023 पूर्वाहन 11.00 बजे अपराहन से 5:00 बजे पूर्वाहन तक अपने दावों से संबंधित कागजात एवं कारण पृच्छा समर्पित करना सूनिश्चित करेगें। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त उक्त मामला में किसी भी प्रकार का दावा/आपति अथवा कागजात को स्वीकार न करते हुए कोई भी विचार नही किया जायेगा।

इसे आवश्यक समझे।

PR 301281 District(23-24)D
अंचल अधिकारी,जयनगर।


# सैकड़ो छात्राएं हो रही हैं उच्च शिक्षा से वंचित, वैकल्पिक व्यवस्था कराये सरकार : चंदन जायसवाल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपकर वर्ग नवम विशेष रूप से शहरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं का नामांकन से वंचित होने की गंभीर समस्या से अवगत कराया। इस वर्ष राज्यकृत बालिका +2 विद्यालय गढ़वा को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया है। जिसके फलस्वरूप जांच परीक्षा के बाद मात्र 120 छात्राओं का नामांकन हो रहा है। प्रति वर्ष गढ़वा शहर के सहिजना, टण्डवा, सोनपुरवा, चिनियां रोड, दीपुंवा, बाजार क्षेत्र, नगवां, उंचरी गढ़देवी मुहल्ला, साई मुहल्ला मेन रोड आदि मुहल्ले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 800-900 छात्राओं का नामांकन बालिका +2 विद्यालय गढ़वा में होते आ रहा है। परन्तु उत्कृष्ट विद्यालय में बदल कर मात्र 120 छात्राओं का नामांकन करने से शेष लगभग 650-750 छात्राओं के सामने नवम कक्षा में नामांकन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। जिससे गढ़वा शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं का कक्षा नवम में नामांकन नहीं हो पा रहा है। जिससे बच्चियों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। इसके कारण बच्चियों के अभिभावक भी बच्चियों को आगे की शिक्षा को लेकर में असमर्थ हो जा रहे हैं।

# रमना पुलिस ने किया स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स एंड बर्तन दुकान में चोरी का उद्भेदन

**चारी में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**अपराधियों के पास से चांदी का दो जोड़ा कानबाली, एक जोड़ा पायल, एक जोड़ा बिछिया एवं चार मोबाइल बरामद**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स एंड बर्तन दुकान में पिछले दिनों दुकान का ताला तोड़कर व दीवाल में सेंधमारी कर की गई चोरी का उद्भेदन स्थानीय पुलिस द्वारा कर लिया गया। जिसमें पांच अपराधी को न्यायिक हिरासत गढ़वा में भेज दिया। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए अंचल पुलिस निरीक्षक स्वर्ण लता कुजूर ने बताया की 25 व 26 मार्च के मध्य रात्रि रमना बस स्टैंड स्थित स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स एंड बर्तन दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान में ताला तोड़कर व दीवाल में सेंधमारी कर दुकान में रखे सोने-चांदी के सामानों के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा सेट की चोरी कर ली गई थी। जिसके आलोक में दुकानदार अनिल कुमार सोनी के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिस क्रम में गहनता पूर्वक तकनीकी साक्ष्य व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी करने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में रात्रि में अपराधी सोनू कुमार रवि तथा सनी कुमार के द्वारा बस स्टैंड स्थित अमित फल दुकान में चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। रात्रि गश्ती दल द्वारा चोरी कर रहे रमना स्टेशन रोड निवासी सोनू कुमार व बिश्रामपुर थाना निवासी सनी कुमार को रंगे हाथों पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ के बाद स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स दुकान में सह अपराधकर्मी टंडवा निवासी रमाकांत ठाकुर, परसवान निवासी कुजू कुमार रवि व अजूबा राज के साथ चोरी की घटना को स्वीकार किया। साथ ही अपराधियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सामानों जिसमें चांदी का दो जोड़ा कानबाली, चांदी का पायल एक जोड़ा, चांदी का एक जोड़ा बिछिया तथा चार मोबाइल फोन जब्त किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, पुअनि विवेक कुमार पंडित, सअनि बीरेंद्र कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/PPP/ISBTRanchi/539 Date: 3 July, 2023
Tender ID: - 2023_UDD_70374_1 PR No.: 296132

Corrigendum- 4

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 4 is released for tender having details as mentioned above for "**Development of Inter-State Bus Terminal at Ranchi in Jharkhand on PPP Basis**". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 04 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 301277Urban Development and Housing(23-24)#D


# गुरु पूर्णिमा पर योग प्राणायाम, हवन यज्ञ के पश्चात हुआ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

**मेराल (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में योग प्राणायाम, हवन यज्ञ के पश्चात गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य दिनेश पाठक द्वारा हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, बीएसटी प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, सह प्रभारी रविंद्र गुप्ता, पुलिस बल के जवान राजीव दुबे, योग शिक्षक विजेश्वर प्रजापति, रविंद्र मेहता, संजय प्रसाद आदि लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा तथा जीवन में गुरु के महत्व तथा पतंजलि योग समिति एवं योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज तथा आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। अंत में गुरु पूजन तथा गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# दोनों चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी बसपा : राजन मेहता

**गढ़वा बसपा जिला कमेटी का हुआ गठन, सुनील कुमार गौतम बने अध्यक्ष**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में बहुजन समाज पार्टी प्रदेश प्रभारी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार की उपस्थिति में जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, जिला प्रभारी नंदा पासवान, जिला प्रभारी अधिवक्ता जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार कुशवाहा, महासचिव शिव शंकर मेहता, महासचिव सुदेश्वर राम, सचिव गरीबुल्लाह अंसारी, कोषाध्यक्ष चंद्रिका सिंह के नाम की घोषणा की गई। डंडा जिला परिषद अजय मेन्टल जो पिछले कुछ दिन पहले बहुजन समाज पार्टी का दामन थामे थे आज प्रदेश अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर उन्हें गढ़वा विधानसभा प्रभारी बनाया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि मजबूती के साथ झारखंड में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव बसपा लड़ेगी। इस खातिर बहुजन समाज पार्टी पूरे झारखंड में कमेटी बनाने को लेकर अग्रसर है। लगातार प्रभारी के द्वारा मिले निर्देश के आलोक में कार्यक्रम किया जा रहा है।

प्रदेश महासचिव मनीष कुमार ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी की जिम्मेवारी अजय मेंटल को दी गयी है। पार्टी द्वारा जिन्हें जो भी दायित्व दिया गया है, सभी उस दायित्व का बखूबी निर्वहन करने में जुटे हुए हैं।

अजय मेंटल ने कहा कि गरीब एवं दबे कुचलों की पार्टी है बसपा, सामने वाला किसी भी समाज से आता हो, पार्टी पुरजोर उनकी वकालत करती है।

# धुरकी प्रखंड में निजी विद्यालय का उद्घाटन

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड के कुम्बा कला में अरबिंद यादव के घर में सोमवार को निजी विद्यालय का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बलवंत यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने से इस क्षेत्र के बच्चों को काफी सुविधा होगी। जो बच्चे दूर जाकर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, सिमुलतला, जामिया आदि कि तैयारी करते थे अब उन्हें दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नर्सरी से आठवीं तक सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी। मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर शशि कुमार यादव, अमोल यादव, नंदु कोरवा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 24/23–24

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 11/07/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 12/07/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 12/07/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची, / विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रिम्स रॉंची के Poison Information and Toxicology Centre में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 2,44,953=00 | 5,000=00 | 500=00 | 14 दिन |
| 2. | रिम्स रॉंची के Pedodontics & Preventive Dentistry & विभाग में 16 अदद पावर सॉकेट एवं नवनिर्मित Oral pathology, Microbiology Laboratory मे पावर प्वाईट एवं टयूब लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,99,434=00 | 14,000=00 | 1250=00 | 28 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची

PR 301264 Energy (23-24)_D


## गुरु पूर्णिमा : श्री बंशीधर नगर स्थित पाल्हे जतपुरा में गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव का भव्य और दिव्य आयोजन

# जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव में शामिल होने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने महाभंडारे में किया प्रसाद ग्रहण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्रीराधा बंशीधर जी की पुण्यभूमि श्री बंशीधर नगर स्थित पाल्हे जतपुरा में भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्यपाद श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की ओर से संकल्पित चातुर्मास्यव्रत के अवसर पर सोमवार को गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव का भव्य और दिव्य आयोजन किया गया। महामहोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

हजारों लोग इस विशेष उत्सव के भागी बने। जानकारी के अनुसार प्रातः मंगला आरती के बाद पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज ने त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की तस्वीर के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया। गुरु पूर्णिमा उत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग शामिल हुए। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूज्य जीयर स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल होने रविवार रात से ही रेल और सड़क मार्ग से लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। यह सिलसिला सोमवार देर शाम तक चलते रहा।

**हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद :** गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति की ओर से महाप्रसाद की व्यवस्था की गयी थी। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे और स्थानीय हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। 15 तरह का व्यंजन परोसा जा रहा था। पुलाव, तड़का, मिक्स सब्जी, नमकीन कचौड़ी, लिट्टी, बुंदिया, दही बड़ा, मालपुआ, दाल पूड़ी, बेसन हलवा, दधिओदन, फुलेहरा, खिचड़ी, इमली का चटनी आदि लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।

**व्यवस्था में मुस्तैद रहे समिति के सदस्य :** गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर यज्ञ स्थल पर उमड़ी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए यज्ञ समिति के सदस्य मुस्तैद थे। वाहन पार्किंग, सुरक्षा, प्रसाद वितरण, पूज्य स्वामी के दर्शन के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी थी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को तनिक भी परेशानी और कठिनाई ना हो इसका विशेष ख्याल सदस्य रख रहे थे। रविवार रात बड़ी संख्या में लोग ट्रेन से श्री बंशीधर नगर पहुंचे थे। समिति के सदस्य श्रद्धालुओं के ठहरने, जलपान समेत अन्य सुविधाओं का ख्याल रख रहे थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस के जवान भी यज्ञ स्थल पर मौजूद रहे।


e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT,JHARKHAND, RANCHI

Notice Inviting Tender
(Very Short Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (3rd call)

Tender Reference No.-(12)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2023-24 Date:-03-07-2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction Of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Sanda Under Block Hussainabad. | रू0 54,19,400.00 | 03 महीने |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08-07-2023 | |
| ii. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-07-2023 को अपराहन 3.00 बजे | |
| iii. | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 14-07-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| iv. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 14-07-2023 को अपराहन 3.00 बजे | |
| v. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431105183/8987663716 | |
| vii. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE
SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 301268 Building Dept Circle - 2(23-24).D

## गुरु पूर्णिमा पर आयोजित किया गया यज्ञ और योग



लातेहार (आजाद सिपाही)।: सोमवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर महिला पतंजलि योग समिति की ओर से हवन और योग शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान भगवान से भी उपर होता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि योग, यज्ञ और गुरु तीनों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है. गुरु से हमें ज्ञान की प्राप्ति होती है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और एक अध्यात्मिकता का आभास होता है। जबकि योग से हमारा शरीर स्वस्थ्य और निरोग होता है। कार्यक्रम मुख्य रूप से दीप्ति कुमारी, कनकलता देवी, कांति सिंहा, अर्चना शुक्ला, पूनम देवी, सरस्वती देवी, मनिता देवी, मुनि देवी, रंजू देवी और अनिता देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

### एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने किया किस्को प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का निरीक्षण

# शिक्षा को अपने जीवन में आत्मसात कर भविष्य बेहतर बनायें युवा : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने सोमवार को किस्को मुख्य चौक पर एससीए मद से संचालित प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लाइब्रेरी की साफ सफाई, विद्यार्थियों के सहूलियत और उपयोग में आने वाली शत-प्रतिशत पुस्तकों की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधायें उत्पन्न न हो इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के बेहतर प्रयास से पूरे जिले के सभी प्रखंडो में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है। जिससे



क्षेत्र के गरीब बच्चे आगे की पढ़ाई पूरी करने में दिलचस्पी दिखा सकें। शिक्षा को अपने जीवन में आत्मसात कर अपना भविष्य बेहतर बना सकें। कहा कि लाइब्रेरी में वाईफाई समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं बहाल किया जा रहा है ताकि बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने लाइब्रेरी में सभी विषयों का पुस्तक की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई, वाशरूम, अध्ययन कक्ष और विद्यार्थियों व आगंतुकों के सहूलियत हेतु लाइब्रेरी इंट्री रूम में सीलिंग पंखा लगाने और पुस्तकालय का शत-प्रतिशत कंप्यूटरीकरण किये जाने की बात कही। इधर एसडीओ ने अपनी उपस्थिति में पुस्तकालय भवन का शौचालय और वाशरूम सहित पूरे लाइब्रेरी भवन की सफाई प्रतिनियुक्त सफाई कर्मियों से कराया और प्रति दिन पुस्तकालय की साफ-सफाई करने व नियमित रूप से खोलने का निर्देश दिया। लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले बच्चों और सभी कर्मियों को पेयजल और अन्य सभी प्रकार की सुविधाओं का व्यापक रूप से व्यवस्था बहाल कराने की बात कही। इधर प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का नियमित संचालन हेतु एमलेन मिंज को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मौके पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बुड़ायं सारू, सहायक अभियंता भुवनेश्वर सिंह, कनीय अभियंता रंजित कुमार, समीम अंसारी, नेयाज अंसारी आदि मौजूद थे।

### लातेहार एसपी की पहल

# पुलिस लाइन में कर्मा तालाब और इको फ्रेंडली पार्क का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन की सकारात्मक पहल पर पुलिस लाइन में नवनिर्मित कर्मा तालाब और डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा इको फ्रेंडली पार्क का उद्घाटन सोमवार को किया गया। जिसका शुभ आरंभ पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रोशन कुमार तथा सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।

मौके पर डीआईजी ने कहा कि लातेहार एसपी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों के द्वारा किया गया यह कार्य काफी सराहनीय है। इस पार्क के निर्माण के बाद आम लोगों तथा पुलिस के बीच का संबंध और मधुर होगा। वही विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार पुलिस लाइन में इस प्रकार



का पार्क बनाए जाने से लातेहार के लोगों को काफी लाभ होगा। वहीं एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि पुलिस लाइन का यह जमीन बेकार और बंजर पड़ा हुआ था। पुलिस लाइन के मैदान के समतलीकरण के लिए मिट्टी की कटाई की जा रही थी। उसी दौरान उन्होंने योजना बनाई थी कि जहां मिट्टी कटाई हो रही है वहां तालाब और पार्क बनाया जाएगा। आज इस पार्क का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि यह इको फ्रेंडली पार्क लातेहार की जनता को समर्पित है।

#### किया गया वृक्षारोपण

मौके पर पुलिस लाइन के प्रांगण में औषधीय तथा सुगंधित गुणों वाले पौधों को भी लगाया गया। इस दौरान मुख्य रूप चंदन, पीपल, बरगद समेत अन्य प्रकार के पौधे लगाए गये।

## रांची के प्रोफेसर ने उद्यमियों को आ रही कठिनाइयों के विषय में जाना और समझा

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्राप्त अवार्ड मनी अर्न्तगत जिला के विभिन्न स्थापित प्रक्रियाधीन लघु उद्योग-धंधो से संबंध समिति, समूह, स्वयं सहायता समूह, प्लास मार्ट और अन्य महिला मंडल द्वारा उत्पादित वस्तुओं/सामग्रियों के बाजार तक सुलभ पहुँच और बेहतर आमदनी सुनिश्चित करने के लिए व्यवसायिक समझ और विपणन दक्षता के विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है। इसी उदेश्य से देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थान भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम राँची से एमओयू किया गया है। जिसके तहत जिले में स्थापित बाँस उद्योग, पोषाक उद्योग, स्वेटर उत्पादन ईकाई, डोकरा उत्पादन ईकाई, दर्री कालीन उत्पादन ईकाई, तेल उत्पादन ईकाई, प्लास मार्ट जैसे छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़े समूहों के कुल 30 लाभुकों का विपणन प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण आईआईएम रांची के माध्यम से करायी जानी है। इस क्रम में सोमवार को आईआईएम रांची से आये प्रोफेसर सत्यम और प्रोफेसर स्वेता झा के द्वारा लाभुकों के साथ प्रारंभिक परिचर्चा की गयी। उक्त परिचर्चा में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, उप निदेशक (योजना) सह जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, सहायक योजना पदाधिकारी, लोहरदगा, पीपीआईए फेलो, लोहरदगा पिरामल टीम लीड तथा सिलाई केन्द्र, स्वेटर केन्द्र, बॉस हस्तशिल्प, डोकरा शिल्प, दोना पत्तल, पलास, मधु उत्पादन, दरी बुनाई केन्द्र आदि के लाभुक उपस्थित हुए।

## सावन मेला में विधि व्यवस्था लेकर बैठक आयोजित



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिकाः प्रखंड क्षेत्र के नामुदाग पंचायत स्थित मणिकेश्वर महादेव मंदिर मानिकडीह परिसर में बैठक किया गया। जिसमें 3 जुलाई से शुरू होने वाला सावन माह में मंदिर में पूजा अर्चना करने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को विधि व्यवस्था को लेकर बैठक किया गया। दो महीने तक सावन मेला को लेकर प्रशासन बैकअप को ध्यान रखकर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर प्रयासरत रहे। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का प्रभार अमरदीप कुमार, उपाध्यक्ष बली यादव, सचिव मनदीप कुमार, बसंत राम, उप सचिव संतोष यादव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, मंच संचालन नागेंद्र यादव, गोविंद कुमार, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अध्यक्ष अमिताभ बच्चन तुरी, मिडिया प्रभारी नागेंद्र यादव, व्यवस्थापक चंदन यादव, बिरझु सिंह और सदस्य कमलेश यादव, सुनील यादव, निर्मल उराव, शिवबिहारी प्रसाद, अंतु सिंह इन लोगो को प्रभार दिया गया। वहीं कमेटी के लोगों ने बताया की इस वर्ष मंदिर परिसर में लगने वाला दुकान का लॉटरी किया जायेगा। और आस पास गांव के लोग शिव भक्तजनों भारी संख्या में लोग मंदिर में आकर इस वर्ष भव्य मेला आयोजन का लुप्त ले। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनायी गयी




लातेहार(आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार के बंदना सभागार में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ओमकार नाथ सहाय जयंती प्रमुख फुलचंद् सिंह और प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से महर्षि वेदव्यास व भगवान गणेश जी के समीप दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस अवसर पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज गुरु पूर्णिमा है और हम अपने गुरुओं को याद करते हैं। महर्षि वेद व्यास द्वारा संकलित चारों वेदों को भैया बहनों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम में लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्र, शिल्पा पाठक उपस्थित रहे।

## कृषि पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बालूमाथ(आजाद सिपाही)। कृषि में ऊर्जा संरक्षण और उपयोग पर कार्यशाला आयोजित कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ लातेहार में झारखंड नवीनीकरण ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा आयोजित किया गया। कृषि के क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जरेडा के प्रतिनिधि श्री प्रभाकर झा द्वारा ऊर्जा और जल संरक्षण पर प्रशिक्षण दिया गया उन्होंने सिंचाई और अन्य गतिविधियों के लिए पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा द्वारा संचालित एक ऊर्जा कुशल समाधान पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट गोवर्धन योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर केवीके के वैज्ञानिक डॉक्टर एसपी कुमार ने कृषि में प्राकृतिक संसाधन संरक्षण पर प्रकाश डाला कृषि में उपयोग होने वाले मशीनों के उपयोग ऊर्जा संरक्षण की बारीकियों को बताया इस कार्यशाला में मुख्य रूप से बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा और गाड़ी के पंचायत समिति सदस्य, सोनी देवी इसके अलावा जिले के विभिन्न गांव से 65 कृषकों ने भाग लिया जिसमें पवन कुमार, दामोदर विजेंदर उरांव, गाड़ी लाल संतोष नाथ, कौशल्या देवी आदि मौजूद थे।

## डिवाइडर से टकरायी बाइक तो घायल दोस्त को छोड़ फरार हुए युवक



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा जंगल के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर पुलिस द्वारा लगाया गया डिवाइडर को बाइक से टक्कर मारते हुए मोटरसाइकिल सवार तीन लड़का पथ के किनारे जा गिरे। घटना के उपरांत गंभीर अवस्था मे अपने दोस्त को छोड़ दो लड़का फरार हो गये। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही स0आ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायल एक लड़का को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के उपरांत घायल की पहचान पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो निवासी बुधेश्वर उराँव का पुत्र समीर उराँव के रूप में किया गया। जबकि दूसरा लड़का स्वर्गीय सीताराम उराँव के पुत्र लालजीत उराँव के रूप में किया गया। वहीं तीसरा लड़का का पता नही चला है।

# पहाड़ी मंदिर तक पैदल कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए दिया आमंत्रण

### महाकाल क्लब ने डीसी, एसडीओ को दिया पत्र, जत्था में शामिल होकर उत्साह बढ़ाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ी मंदिर रांची तक जाने वाले पैदल कावड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक और कावड़ यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमंत्रण किया जा रहा है। महाकाल क्लब के द्वारा 9 जुलाई को सुबह 7 बजे चंद्रशेखर आजाद चौक से निकलने वाली 80 किमी की पैदल कावड़ यात्रा की अगुवाई करने को लेकर सोमवार को क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और अनुमंडल पदाधिकारी



अरविंद लाल से मिला। जहां आयोजन को लेकर जानकारी युक्त आवेदन सौंपी गयी। वहीं जत्था में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ कुणाल, कार्यकारी अध्यक्ष रितेंद्र कुमार मेहता, सचिव निश्चय वर्मा, उपाध्यक्ष दिवेश साहू, संगठन मंत्री आशीष गुप्ता और मीडिया प्रभारी अमित वर्मा शामिल रहे। अधिकारियों का आमंत्रण पत्र देने के बाद शहर के गणमान्य लोगों को भी पत्र देते हुए कांवड़ यात्रियों के जत्थे में शामिल होकर उनके उत्साह को बढ़ाने की अपील की गयी। इसके अलावा जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों को भी जत्था बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की गयी। समिति के अध्यक्ष ने कांवर यात्रा शामिल होने वाले भक्तों से अपना रजिस्ट्रेशन जल्द पूर्ण करा लेने की अपील की है।

### अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की बैठक आयोजित

# सभापति ने योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति श्री लोबिन हेंब्रम की अध्यक्षता में आज दिन सोमवार को लातेहार परिसदन के सभागार में बैठेक का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी लेना, लाभुकों को मिलने वाले लाभों की बारीकी से अध्ययन करना, योजनाओं को धरातल पर उतारने में प्रशासन की क्षमता का आकलन



करना और सारी स्थितियों से राज्य सरकार को अवगत कराना समिति के दौरे व इस बैठक का उद्देश्य है।

समीक्षा क्रम में सभापति द्वारा विस्तृत समीक्षा करते हुए तीन वर्षों में लातेहार जिला अन्तर्गत आवंटित मद के अनुरूप किये गये व्यय की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी लक्ष्य विभागों को सरकार द्वारा तय किया गया है उसे शत प्रतिशत ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उन्होंने जिला स्तर के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को मिलें इसका विशेष रूप से ध्यान रखें, ताकि अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार श्री शेखर कुमार, समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गुरु ज्ञान और शक्ति के सागर हैं : शशिधर लाल अग्रवाल

- -महर्षि वेदव्यास की जयंती को गुरू पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया गया
- -स्कूली बच्चों को गुरुभक्ति संबंधित रामायण एवं महाभारत पर आधारित प्रसंग दिखाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में गुरु पूर्णिमा उत्सव भव्यता एवं रोचकता पूर्वक मनाया गया। सरस्वती वंदना एवं वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रबंध समिति के संरक्षक कृष्णा प्रसाद, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल , सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष




अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय एवं पत्रकार राहुल कौशल उपस्थित थे। अतिथि परिचय गणेश प्रसाद साहू द्वारा किया गया। विषय प्रवेश प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा किया गया।उन्होंने कहा महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार थे। वेदव्यास ने चार वेद, छह शास्त्र, 18 पुराणों की रचना की है। सनातन धर्म संस्कृति को प्रकाशमान बनाने में वेदव्यास जी ने अपने जीवन को समर्पित किया । गुरु ज्ञान सागर होते हैं अतः हमें सच्ची निष्ठा भाव से गुरु की सेवा करनी चाहिए। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा गुरु ज्ञान और भक्ति के सागर होते है। गुरु भक्त अरुणी के शिक्षाप्रद एवं रोचक कथा को प्रस्तुत किए। विद्यालय की बहन विद्या कुमारी एवं उनकी सहेलियों द्वारा गुरु भक्ति गीत सह नृत्य प्रस्तुत किया गया। त्रिलोचन आचार्य ने रामचरितमानस पर आधारित गुरु वंदना प्रस्तुत किये। प्रबंधन समिति के द्वारा आचार्य को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आचार्य लक्ष्मी देवी द्वारा गुरु भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। नंद किशोर साहू द्वारा गुरु महत्व को प्रतिपादित करते हुए रोचक कहानी बताई गयी। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से भैया बहनों को गुरुभक्ति संबंधित रामायण एवं महाभारत पर आधारित प्रसंग दिखाया गया। बड़े ही उत्साह पूर्वक भैया बहनों ने उसका अवलोकन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी और कर्मचारी और भैया बहन उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय, बरही में पेयजलापूर्ति समस्या जल्द होगी दूर : डीडीसी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय, बरही में पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर करने हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय परिसर में जलस्रोत की पहचान दो दिनों के अंदर करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी और अंचल अधिकारी सेन्हा को दिया गया। इसमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ समन्वय स्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके साथ-साथ, विद्यालय के समीप जिस रैयत की भूमि पर जलस्रोत है। साथ ही, जहां वर्तमान में विद्यालय के समीप पेयजलापूर्ति हेतु गुजरनेवाली पाईपलाईन योजना की मरम्मति कराये जाने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को दिया गया। बैठक में पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, केंद्रीय विद्यालय के सहायक आयुक्त बलेंद्र कुमार, अधिकारी दिलीप मिश्रा, प्राधानाध्यापक अजय कुमार चौधरी समेत अन्य उपस्थित थे।

## रेलवे ब्रिज के नीचे से युवक का शव बरामद

लोहरदगा(आजाद सिपाही): सदर थाना क्षेत्र के शंख नदी रेलवे ब्रिज के नीचे से एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटनास्थल पर पहुंच कर सदर थाना पुलिस मामले की पड़ताल में जूट गयी है। वहीं मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के कैमो केंद टोली निवासी पंचम लोहरा के पुत्र सूरज लोहरा के रूप में हुई है। मृतक सूरज लोहरा रविवार देर शाम नशे की हालत में घर से निकला था वहीं सोमवार सुबह उसका शव रेलवे ब्रिज के नीचे से बरामद किया गया है। रेलवे ब्रिज के नीचे शव होने की सूचना पर सदर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है।

## किस्को पुलिस ने दुष्कर्म के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। किस्को थाना पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। किस्को थाना कांड संख्या 03/23 धारा 376,420,504 आईपीसी के नामजद अभियुक्त किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नावाडीह निवासी स्वर्गीय हरि साहु का 35 वर्षीय आरोपी पुत्र अवधेश कुमार साहु को किस्को पुलिस के द्वारा उसके घर नवाडीह से गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। मामले को ले थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने बताया कि दुष्कर्म और अन्य धाराओं के नामजद अभियुक्त नवाडीह निवासी अवधेश साहु विगत 6 माह से फरार चल रहा था जिसे उसके पैतृक निवास नवाडीह से सुबह करीब 11 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध किस्को थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। छापामारी दल में पुअनि सुखराम उरांव, सअनि अविनाश कुमार सिंह, आरक्षी जिब्राइल बिलुंग, आरक्षी सुकरा उरांव आदि जवान शामिल थे।

## गुरु पुर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास की जयंती मनायी गयी

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जयंती मनाया गया। वही कार्यक्रम प्रारम्भ से पूर्व प्रधानाचार्य और आचार्य आचार्या द्वारा सरस्वती माता, ॐ और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने महर्षि व्यास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास ने ही चार वेद के अलावे पंचम वेद महाभारत तथा श्रीमद्भागवत गीता और 18 पुराण का रचना किया था। साथ ही कहा की वेदव्यास के जन्मदिवस पर गुरु पूर्णिमा मनाया जाता है। मौके पर विद्यालय के आचार्य आचार्या जयप्रकाश सिंह, प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, डॉली कुमारी, मालती कुमारी, रामकुमार साहु, मीना देवी, गंगा कुमारी, राजकिशोर उराँव के अलावे विद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में मारपीट, चार घायल

भंडरा /लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। इस विवाद में हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल नारायण महतो को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है। दोनों पक्ष के बीच लाठी डंडे और कुदाल से मारपीट में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये हैं। घायलों का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में किया गया। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस विवाद में दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज होगी।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक में गिनवायी गयीं जिले भर की कई समस्याएं

# पेयजल और स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था का मामला गरमाया



**मंत्री रामेश्वर उरांव ने सभी समस्याओं का लिखित प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष समर्पित करने की भी बात कही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को विकास भवन सभागार में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड के वित्त मंत्री सह 20 सूत्री अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से गुमला विधायक सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष भूषण तिर्की, उपायुक्त सुशांत गौरव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाला, उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना सह परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी,सांसद प्रतिनिधिगण सहित 20 सूत्री के सदस्य मौजूद रहे।

सर्वप्रथम बिंदुवार सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा कुछ समस्याओं को भी समिति के समक्ष रखा गया एवं उपायुक्त द्वारा बताए गए सभी समस्याओं का निवारण अविलंब करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में जिले भर में जलापूर्ति के संकट से सदस्यों द्वारा वित्त मंत्री को अवगत करवाया गया। जिस पर समिति के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के विभाग के कार्यपालक अभियंता यथाशीघ्र कारणों का निदान कर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। जिले में जगह जगह पर बनाए गए जलमीनार का पुनः एक बार सर्वे करते हुए खराब पड़े जल मीनारों को ठीक कराने की भी बात कही। नल जल योजना के तहत सभी 20 सूत्री के सदस्यों के बीच सूची उपलब्ध करने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की समस्या के संबंध में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से इसका कारण पूछा एवं समस्या के निवारण हेतु उपर्युक्त निर्णय लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता को बढ़ाने का निर्देश दिया। चैनपुर में एंबुलेंस की कमी के विषय से अवगत होते हुए उन्होंने एंबुलेंस व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। वहीं डॉक्टर्स की नियुक्ति की समस्या से भी उपायुक्त ने मंत्री को अवगत करवाया।

इस दौरान डॉ उरांव द्वारा समाज कल्याण वुभाग, शिक्षा विभाग, कृषि, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, रोड कनेक्टिविटी, श्रम निबंधन अंतर्गत संचालित योजनाओं आदि की भी समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

वहीं वित्त मंत्री सह 20 सूत्री अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर उरांव ने सभी समस्याओं का लिखित प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष समर्पित करने की भी बात कही। इसके अलावा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए मंत्री महोदय द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जिला योजना समिति के कार्यों की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के वित्त मंत्री सह जिला योजना समिति के अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न हुई । जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाला, डीडीसी, एसडीओ सदर, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं जिला योजना समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत जिला योजना समिति से घटनोत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में स्वीकृत सभी 49 योजनाओं एवं जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत अनुमोदन हेतु प्राप्त 259 योजनाओं की सूची पर भी चर्चा हुई। इस दौरान मंत्री रामेश्वर ने प्रस्तावित योजनाओं अंतर्गत पुलिया निर्माण, ग्रामीण सड़क निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली एवं पानी की समस्याओं के निराकरण हेतु योजनाओं, जल मीनारों की मरम्मती, खेल मैदान, छात्रवास मरम्मती, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े प्रतिवेदनों पर प्राथमिकता देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विद्यालयों में शौचालय एवं जल की व्यवस्था को दुरूस्त करने पर विशेष रूप से निर्देशित किया। मंत्री ने सभी सदस्यों को लिखित प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने भी पारंपरिक कौशल विकास, पीवीटीजी ग्रामों के विकास, कृषि आदि से जुड़े विकास संबंधित प्रतिवेदन को सदस्यों द्वारा लिखित रूप से देने का अनुरोध किया। मंत्री ने लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला ने जीता स्वर्ण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लगातार जीत को बरकार रखते हुए सरस्वती विद्या मंदिर गुमला की तरुण वर्ग की खो खो टीम ने प्रांतीय प्रतियोगिता जीतने के उपरांत क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विगत 30 जून 2023 को विद्यालय की टीम फारबिसगंज के लिए रवाना हुई। छात्र-छात्राओं जिसमें बाल वर्ग तथा तरुण वर्ग की दो टीमें थीं। जहां बाल वर्ग को अपने कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं तरुण वर्ग बिहार तथा झारखंड की टीमों को हराते हुए प्रथम स्थान पर रही। तरुण वर्ग की टीम आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए मेरठ जाएगी, जहां भारत के सभी क्षेत्रों से आई टीमों की प्रतिभागीता रहेगी। विजेता टीम को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। स्थानीय समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह एवं सचिव अमृत मेटे सह सचिव प्रभात कुमार दास ने विजेता टीम को बधाई दी है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने खेल प्रशिक्षक आचार्य संजय कुमार को बधाई दी है तथा कहा है कि उनके कुशल नेतृत्व के कारण एक संतुलित टीम का निर्माण हुआ, जो लगातार सफलता के झंडे गाड़ रही है। हमें आशा है कि आने वाली प्रतियोगिता में भी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने दूरभाष के माध्यम से पूरी टीम को बधाई दी तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## अग्निवीर बहाली को लेकर अभ्यर्थियों को दिया गया आचरण प्रमाण पत्र

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थल सेना में अग्निवीर बहाली को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला के कार्यालय में अभ्यर्थियों के बीच आचरण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। आचरण प्रमाण पत्र लेने के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ लगी रही। अभ्यर्थियों ने बताया 14 जुलाई तक रांची के मोराबादी मैदान में बहाली प्रक्रिया चलेगी। वहीं गुमला जिला के अभ्यर्थियों को 4 जुलाई को दौड़ में शामिल कराया जाएगा। दौड़ के बाद मेडिकल टेस्ट होगा। वहीं चयनित अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 17 जुलाई से शुरू होगी। लिखित परीक्षा व मेडिकल टेस्ट के बाद अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र का सत्यापन किया जाएगा। जिसमें आचरण प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। वहीं अभ्यर्थियों ने बताया 4 जुलाई को जीडी पद के लिए दौड़ होगी जबकि टेक्निकल के लिए 8 जुलाई को दौड़ करायी जाएगी।

## भालू के हमले में घायल को एक सप्ताह के अंदर मुआवजा का डीएफओ ने दिया आश्वासन

**कांग्रेस कामगार के जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम का प्रयास लाया रंग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भरनो प्रखंड के कमलपुर कुंबटोली गांव के रहने वाले स्व. समेल बड़ा के पुत्र लिवांस बड़ा को लगभग एक वर्ष पूर्व स्कूल जाने के क्रम में जंगली भालू ने जानलेवा हमला कर दिया था। भालू के हमले के बाद लिवांस बड़ा पूरी तरह जख्मी हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों के द्वारा उसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। उस समय बच्चे की हालत बहुत नाजुक थी। इलाज होने के बाद बच्चे की जान तो बच गई, परंतु उसकी स्थिति बहुत दयनीय है। वह चलने फिरने से मजबूर है। भालू के आक्रमण के बाद वह दिमागी हालत से भी कमजोर हो गया है। बच्चे की मां मुन्नी बड़ा मुआवजा के लिए लगभग एक वर्ष से परेशान है। बच्चे की मां ने बताया कि कई बार वन विभाग कार्यालय का चक्कर काट काट कर थक चुकी है। बच्चा चल-फिर नहीं सकता है। उसकी दिमागी हालत भी दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। उसके इलाज के लिए बच्चे की मां के पास पैसा नहीं है। डॉक्टर ने जल्द से जल्द इलाज करवाने की सलाह दी है। पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि नहीं मिल रही है। इसकी जानकारी कांग्रेस कामगार के जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम को ग्रामीणों द्वारा दी गई। उन्होंने इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को अवगत करवाया। फिर पीड़ित परिवार के साथ वन विभाग कार्यालय जाकर डीएफओ बिलाल अहमद से मिले और मामले से अवगत कराते हुए एक सप्ताह के अंदर मुआवजा राशि भुगतान करने की बात कही। मुख्तार आलम का कहना है कि वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। वन विभाग के पदाधिकारी जरूरतमंद व्यक्ति को मुआवजा राशि देने में लापरवाही बरतते हैं और ऑफिस का चक्कर कटवाते रहते हैं। यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएफओ ने इस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए पीड़ित के परिजन को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा।

## लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर ने मनाया डॉक्टर्स डे

**डॉ सुगेंद्र साय को बुके देकर व उनके साथ केक काटकर मनाया गया डॉक्टर्स डे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के द्वारा डॉक्टर्स डे के दिन पालकोट रोड स्थित डॉ सुगेंद्र साय के यहां उन्हें एक बुके देते हुए उनके साथ केक काटकर शुभकामना देते हुए डॉक्टर्स डे मनाया गया।

मौके पर उपस्थित डॉ सुगेंद्र साय ने लायंस क्लब ग्रेटर को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले लगभग 30 वर्षों से वे मरीजों की सेवा करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों की समस्या व बिमारी को दूर करना ही उनकी प्राथमिकता है। वहीं क्लब के सचिव लायन हिमांशु केशरी ने डाक्टर को बधाई देते हुए कहा कि डॉक्टर्स भगवान के रूप माने जाते हैं। डॉक्टर्स ही हैं जिनकी बदौलत एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। बीते कोरोना काल में इनकी भूमिका काफी सराहनीय रही है। इसके लिए डॉक्टरों की ऋण को कभी उतारा नहीं जा सकता है।

मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष लायन सुभाष अग्रवाल, लायन दीपक अग्रवाल, लायन अमित महेश्वरी, लायन अभिनव महेश्वरी, लायन शिवम जायसवाल, लायन निशांत मंत्री, लायन आकाश गोयल, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सकरौली गांव में आंगनबाड़ी सहायिका का किया गया चुनाव

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सकरौली गांव में सोमवार को आम सभा की बैठक कर आंगनबाड़ी सहायिका का चुनाव किया गया। सहायिका पद के लिए कुल पांच महिलाओं ने आवेदन जमा किया था। सभी आवेदनों में योग्यता एवं सर्वाधिक अंक के आधार पर सहायिका का चयन किया गया। जिसमें कांति उरांव पति राजेश उरांव को कुल 24 अंक मिले। सीडीपीओ सुधा सिन्हा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र सकरौली में पूर्व की सहायिका अमेरिका कुमारी के सेवानिवृत्त होने के बाद सहायिका का पद रिक्त था। चयन प्रक्रिया में मुख्य रूप से कार्यपालक दंडाधिकारी गुमला सुदीप्त राज, प्रमुख मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, मुखिया अलबीना देवी, सीडीपीओ सुधा सिन्हा, पर्यवेक्षिका जहां आरा खातून, हुसन आरा, ग्राम प्रधान सुमन पहान, वार्ड सदस्य चंदिया देवी, प्रधानाध्यापक विश्वनाथ लोहरा, सेविका अनीता देवी, निर्मला देवी, एएनएम जोसबीन आईन सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## घायल युवक की रिम्स ले जाने के क्रम में हुई मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पीठवर टोली गांव के समीप रविवार को टीवीएस मोपेड और बोलेरो के आमने-सामने भिड़ंत में मोपेड सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल से रिम्स रांची ले जाने के दौरान सिसई के समीप ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की पहचान घाघरा थाना अंतर्गत चिड़ैया गांव निवासी देव नारायण उरांव, पिता बिरसु उरांव के रूप में हुई।

# चैनपुर के कई गांव में बेखौफ चल रहे हैं अवैध ईंट भट्ठे

## यह अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा या अनजाने में, दोनों हालत में प्रशासन है सवालों के दायरे में



### आखिर क्यों नहीं हो रहा है उपायुक्त के निर्देश का पालन

**अवैध ईंट भट्ठा को ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को एक पत्र लिखा था। इस पत्र का पत्रांक 6560 और दिनांक 28 नवंबर 2022 अंकित है। इसमें उपायुक्त ने स्पष्ट किया था कि उनके दिए गए निर्देशों का सीधा सीधा उल्लंघन किया जा रहा है। पूर्व में अवैध रूप से चल रहे लाल ईंट भट्ठों को ध्वस्त करने के आदेश के बाद भी डुमरी के एक ईंट भट्ठा में कार्यरत मजदूरों की मौत उपायुक्त के निर्देश की अवहेलना को साबित करती है। उसके बाद उपायुक्त ने यह चिट्ठी सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को लिखी थी, इस चिट्ठी में यह निर्देश दिया था कि 15 दिसंबर 2022 तक जिले में सभी लाल ईंट बनाने वाले भट्ठे ध्वस्त करते हुए 15 दिसंबर 2022 तक इसका प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपा जाए। मगर यह समझ से परे है कि अभी तक उपायुक्त के स्पष्ट निर्देश के बावजूद कौन सा ऐसा दबाव है जो पदाधिकारियों को उपायुक्त के इस निर्देश पर अमल करने से रोक रहा है।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चैनपुर क्षेत्र में अवैध रूप से बंगला ईंट भट्ठे धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। इन अवैध बंगला ईंट भट्ठे के मालिक बेखौफ दिनदहाड़े इस अवैध काम को अंजाम दे रहे हैं। उनके खिलाफ न तो कार्रवाई हो रही न कोई पूछताछ। कार्रवाई नहीं हाने से अवैध ईट भट्ठों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो रहा है, खुलेआम जंगल भी काटे जा रहे हैं। जंगल के पेड़ ईंट भट्ठों में ईंट पकाने के कार्य में लगाए जा रहे हैं। न जाने इस कार्य के लिए अधिकृत पदाधिकारी को किसका खौफ है या वो किसके दबाव में हैं जो उपायुक्त के निर्देश को भी सीधे सिरे से नजर अंदाज कर रहे हैं। कार्रवाई करना तो दूर की बात है इस क्षेत्र में इस पर अंकुश भी लगा पाना संबंधित पदाधिकारी के बस के बाहर की बात है। वन विभाग, अंचलाधिकारी और बीडीओ सभी मौन हैं। और इस अवैध कार्य को संपन्न होते हुए अपनी आंखों से देख रहे हैं। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। ये लोग बड़े पैमाने पर ईंट का निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन का खनन करने में लगे हुए हैं। प्रखंड के टिंगटांगर, लगड़ा मोड़ समेत कई जगहों पर अवैध बंगला ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है। इतने खुले रूप में यह अवैध कारोबार चल रहा है इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होना कई तरह के सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। प्रखंड में वर्तमान में 30 ईंट भट्ठा संचालित हैं। अब इसे विभागीय लापारवाही कहा जाये, अफसरों की मिलीभगत कही जाये या मामले की अनभिज्ञता। मगर हर हाल में यही कहा जायेगा कि प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है कि अवैध करोबार को रोका जाये। ऐसी हरकतों से प्रशासन पर सवाल तो जरूर खड़े होते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनायी गयी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने भगवान वेदव्यास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया। छात्र देवनाथ लोहरा, अनिल लोमगा, अजय कुमार मुंडा व राकेश मोदी ने गुरु की महिमा के सुंदर-सुंदर गीत गए। देवनाथ लोहरा ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए भाषण दिया। शिक्षक बादेश कुमार मंडल, संदीप कुमार पंडित तथा धनंजय कुमार सिंह तथा अभिषेक कुमार ने गुरु की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने छात्रों से कहा कि गुरु अपने शिष्य को कभी डूबने नहीं देता बस आवश्यकता है गुरु में अटूट विश्वास और समर्पण भाव की। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को कलम देकर सम्मानित किया। संचालन शिक्षक अभिषेक कुमार ने किया।

### विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनायी गयी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अभय कुमार चौधरी एवं सदस्यों ने महर्षि बेद ब्यास के चित्र में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि अभय कुमार चौधरी ने कहा कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा का व्रत किया जाता है। यह दिन गुरु और शिष्य को समर्पित होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर पितरों को जल और तरपन भी किया जाता है। साथ ही उन्होंने गुरु शिष्य के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भैया-बहनों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं भैया-बहनों द्वारा शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नरेश कुमार, शंकर साहू, प्रकाश साहू, शिवराज साहू, पुष्पा देवी के अलावे शिक्षक-शिक्षिका भैया-बहन आदि उपस्थित थे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड कार्यालय पंचायत के सभागार में सोमवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ की बैठक बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप में अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने मृत व्यक्तियों की सूची तैयार कर फिर विलोपित करने नए मतदाताओं को घर-घर जाकर जोड़ने का कार्य करें किसी भी हाल में कोई भी नए मतदाता जिनका 18 वर्ष पूरा हो चुका है वे ना छूटे। मतदाता पुनरीक्षण कार्य का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं को जोड़ना है।आप प्रपत्र 6, 7, 8 फॉर्म लेकर घर घर जाएं और कार्य करें। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य मे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी निश्चित तौर पर अगर शिकायत आती है तो करवाई होगी। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष उरांव, श्याम साहू, नॉबेर्ता एक्का, सावित्री कुजूर, बिरसमुनी देवी, ललिता उरांव सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

### गायत्री शक्तिपीठ में पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में भव्य रूप से विश्व शांति के उद्देश्य से एवं गुरुजनों को स्मरण व पूजन करते हुए पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया। इसमें परिवार्जक बलिराम भगत के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। साथ ही विभिन्न संस्कार भी कराये गये, जिसमें अन्नप्राशन व नामकरण संस्कार ऋषभ कुमार एवं मुंडन संस्कार शजल आनंद का कराया गया। हवन के पश्चात प्रसाद के रूप में अमृतासन, खीर, पुड़ी का सुस्वाद प्रसाद का आए हुए भक्तों के बीच में वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्मदेव जी, गीता देवी, सरस्वती देवी, प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, आशा देवी,राधा देवी, उर्मिला बहन, मुद्रिका सिंह, संध्या बहन, विजय कुमार साहू, लक्ष्मी विश्वकर्मा, विश्वनाथ जयसवाल, संदीप स्वरूप, उर्मिला जयसवाल, मीना देवी, प्रतिमा देवी, सुरेंद्र राय, लक्ष्मी देवी, बबीता देवी, चौधरी देवी, सरिता देवी, मालती देवी, सुचिता देवी, शिल्पा देवी, सीमा देवी, अमृता कुमारी, प्रिया विश्वकर्मा, नीलम देवी, मीरा देवी सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित थे।

### पंचमुखी मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर हुआ हवन पूजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में पतंजलि परिवार गुमला के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पंचमुखी मंदिर विंध्याचल नगर गुमला में हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत योग समिति के सदस्यों ने मिलकर सामूहिक रूप से हवन किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात समिति के कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी रुपेश कुमार सोनी ने कहा कि प्रकाश जी बहुत शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका हम सबों के बीच से चला जाना पतंजलि परिवार गुमला के लिए शोक का विषय है। इस कार्यक्रम में बंटी देवी, रेखा देवी, सावित्री भगत, कुमुद लाल, सुनीता कुमारी, श्यामली मित्रा, प्रभा देवी, पुष्पलता देवी, प्रियंका देवी, रीना गुप्ता, अनीशा केसरी, अर्चना कुमारी, सीता देवी, सुनीता देवी, प्रमोद सिंह, आनंद प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार गोप, श्याम प्रसाद गुप्ता, हितेश्वर भगत, संजय साहू, सुशील कुमार लाल, गोलू, सुनील राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भामा शाह चौक और रोड का किया गया अनावरण




**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने गुमला शहर में लक्ष्मी मंदिर स्टेट बैंक के सामने स्थित तिराहे का नामकरण किया। इस तिराहे को भामाशाह चौक का नाम देकर इसका अनावरण किया गया। साथ ही ठीक उसी के सामने की गली जो पालकोट रोड को सिसई रोड तालाब के पास से मिलाती है, उसे भामाशाह रोड का नाम देकर उसका भी अनावरण किया गया।

## दादा-दादी पार्क निर्माण में बाधा पहुंचाने पर जतायी नाराजगी, कहा : रेड़मा भी हमारे शहर का हिस्सा

# बच्चों का अधिकार ना छीनें : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खेद जाहिर करते हुए कहा कि लोग अपनी राजनीति शक्ति दिखाने के लिए स्थानीय लोगों की सुविधा और बच्चों को निगम की ओर से उपहार के रूप में मिले दादा-दादी पार्क से मोहल्ले को वंचित करना चाह रहे हैं, जो दुःखद है। प्रथम महापौर ने बिना किसी का नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरे शहर में निगम की ओर से पांच स्थानों पर उनके



दादा-दादी पार्क की तस्वीर।

कार्यकाल में पारित दादा-दादी पार्क बनाया जा रहा है जिसमें रांची रोड में बने निगम जोनल कार्यालय के कैंपस में बच्चों को खेलने के लिए मल्टी प्लेस्टेशन वर्ल्ड क्लास पीयू फ्लोरिंग गांधी उद्यान के तर्ज पर लग रहा था। ताकि हमारी रेड़मा रांची रोड़ की माताएं-बहने अपने बच्चों को लेकर पार्क में कुछ समय बिता सकें और बच्चों को खेलने का एक अच्छा संसाधन मिल सके। पर राजनीति से जुड़े कुछ भाइयों को रेड़मा का विकास रास नहीं आ रहा और संवेदक को काम करने से रुकवा दिये हैं। संवेदक ने इसकी सूचना नगर आयुक्त को दे दी है। साथ ही स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया है। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य है लोग जब आपने मोहल्ले का विकास नहीं होने देना चाहते तो शहर के विकास का उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है। प्रथम महापौर ने कहा कि जो भी ऐसा कर रहे हैं वे विकास को बाधित ना करें। क्योंकि रेड़मा भी हमारे शहर का ही एक हिस्सा है। वहां के बच्चों, मा-बहनों, बुजुर्गों के अधिकार को ना छीने।

# गुरुचर्चा आत्मज्ञान को विश्वकल्याण के लिए विस्तारित करता है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पाटन प्रखंड के लोइन्गा तोला मतंगवां ग्राम में शिवचर्चा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों गुरु बहनों ने चर्चा में भाग लिया। गुरुपूर्णिमा पर वरिष्ठ गुरुभाई गोकुलानंद तिवारी जी को फूलमाला पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। शिव चर्चा में अविनाश देव ने कहा कि मुक्ति का मार्ग चर्चा है। चर्चा लोकसभा में हो विधानसभा में हो या ग्राम सभा में हो या फिर घर में हो। जिस दिन आप चर्चा नहीं करते हैं उस दिन आप अपने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। रिश्ता भटकाव के मुहाने पर ले जाते हैं। आपसी रिश्ता गुमराह न हो इसके लिए भी



चर्चा करना है। बेहतर जिंदगी और दुनिया से जुड़ाव रखने के लिये चर्चा जरूरी है। जिंदगी के हर जरूरी कार्य निर्बाध गति से चले समाज में मिठास बढ़े और आपसी एकता समन्वय सांगठनिक ढांचा से राष्ट्र मजबूत हो इसलिए चर्चा जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी जो स्वर्ग की परिकल्पना है वह इसी धरा पर मिले इसलिए भी गुरु चर्चा जरूरी है। अपने अधिवक्ता मित्र ओंकार नाथ तिवारी ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से चर्चा किया, साथ ही भजन के जरिए शमां को बंधा। इस दौरान आयोजित विशेष चर्चा में मुख्य तौर पर राधेश्याम, कामेश सोनी, देवंति बहन, प्रतिमा बहन, लड्डू सिंह, विजय गुरु भाई, लखन जी, बहन विमला आदि शामिल रही।

## अजाप्टा प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिंदुरिया गांव में शिक्षक शंकर पासवान के आवास पर सोमवार को अजाप्टा प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जुबैर अंसारी और संचालन सचिव निर्मल कुमार ने किया। इस दौरान बैठक में जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे व संयुक्त सचिव विनय कुमार मांझी भी उपस्थित थे। प्रखंड सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि हुसैनाबाद अजाप्टा गुणात्मक शिक्षा का पक्षधर है। आदर्श नीति और नैतिक मूल्यों को लेकर गतिमान रहा है। वहीं, प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को अनापत्ति प्रमाण पत्र के नाम पर कनीय अभियंता आशीष कुमार द्वारा भयादोहन किया जा रहा है। शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके द्वारा किए जा रहे ऐसे अवैधानिक कार्यों की तीव्र भर्त्सना किया गया। वहीं, जिलाध्यक्ष सुधीर दूबे ने कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा है, उसपर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस संबंध में द्रय शिक्षक प्रतिनिधियों को ज्ञापन भी दिया गया। बैठक के बाद शिक्षक प्रतिनिधियों ने प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी से शिष्टाचार मुलाकात भी की और बेहतर करने के लिए उनसे सहयोग की अपेक्षा की। इस पर उनका सकारात्मक आश्वासन मिला। इस मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, शिक्षक रंजीत कुमार, गिरिवर राम, सुरेंद्र प्रसाद, इकबाल अहमद, जितेंद्र राम, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, महेंद्र बैठा, अरुण चौधरी आदि थे।

# अवैध अंग्रेजी शराब निर्माण कारखाने का पुलिस ने किया भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के पिरोजी गांव में अवैध अंग्रेजी शराब बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने सोमवार एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस ने पिरोजी गांव स्थित एक ईंट-करकट के मकान में छापामारी कर 70 कार्टून में अवैध देशी शराब, ब्लू रंग का 9 गैलन में भरा 360 लीटर स्प्रिट, बॉटलिंग पंचिंग मशीन, प्लास्टिक का खाली बोतल, ढक्कन, रॉयल ब्लू वाइन का स्टीकर 50 सीट, शराब पैक करने वाला 300 गता और एक बाइक जब्त किया है। साथ ही शहर के वैद्य बिगहा निवासी मुकेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में जेल भेज दिया है। गौरतलब हो



पुलिस की गिरफ्त में अवैध अंग्रेसी शराब व अन्य सामग्री।

कि जिस मकान से उक्त सभी सामग्री जब्त की गयी है वह मकान भगत तेंदुआ गांव निवासी पिंटू सिंह उर्फ अमित सिंह का है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी। वहीं, छापामारी दल में एएसआई संजय कुमार सिंह, आरक्षी चालक रामचंद्र राम, प्रशांत कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# गुरु से मिले ज्ञान को राष्ट्र निर्माण में लगायें: राकेश तिवारी

**जपला सरस्वती विद्या मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** ज्ञान, चरित्र एवं संस्कार की त्रिवेणी भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत नगर की अग्रणी संस्था सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं वेदव्यास की जयंती समर्पण व भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, दिनेश प्रसाद कश्यप, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, सचिव राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, सक्रिय सदस्य प्रदीप मिश्र, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, भारत माता एवं महर्षि वेदव्यास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य ने मंचस्थ अधिकारीवृंद, समस्त




कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे।

भैया-बहनों एवं आचार्य, बंधु-भगिनी को गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं महर्षि वेदव्यास जयंती की शुभकामनाएं दी। वहीं, भैया-बहनों ने विचार अभिव्यक्ति, संभाषण, कविता पाठ, गुरु-भक्ति गीत एवं मानस पाठ प्रस्तुत कर महर्षि वेदव्यास जी को याद किया। विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि महर्षि ने अपना पूरा जीवन लोगों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उसी प्रकार, हमें भी अपने गुरु से प्राप्त ज्ञान को मानवता और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करना चाहिए। वहीं, विद्यालय प्रबंधन द्वारा समस्त आचार्य-दीदियों और कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रंजीत मिश्र, राजकुमार सिंह, छाया कुमारी, उषा कुमारी, शशि कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, हर्षदा चौबे, श्वेता सिंह, राजेश्वर सिंह यादव, सुनील पासवान, संजय सिन्हा, मनोज सिंह, दीपक पाण्डेय, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## अभिमन्यु सिंह ने किया झगरुआ गांव का भ्रमण, सुनी समस्याएं



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बसपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू ने सोमवार को विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 12 स्थित झगरुआ गांव का भ्रमण किया और वहां की समस्याओं से रूबरू हुए। लोगो की समस्याएं सुनी। लोगों ने कहा सड़क खराब होने के कारण आने-जाने में परेशानी होती है। गांव की कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। अगर बन जाये तो परेशानी दूर हो जायेगी। इस पर बबलू सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया कि अपने निजी खर्च से इस जर्जर कच्ची सड़क को बनवायेंगें। इस मौके पर राहुल दूबे, प्रवीण सिंह, श्याम बिहारी विश्वकर्मा आदि थे।

# सरकारी जमीन पर बना प्रधानमंत्री आवास, पांच माह बाद भी नहीं हुआ रिकवरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** प्रखंड में योजना के नाम पर काफी लापरवाही देखने को मिल रही है। अब तो सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर बकरी शेड व प्रधानमंत्री आवास योजना बनाई जा रही है। मामला सांगबार पंचायत के खैराट गांव का है, जहां पंचायत के खैराट निवासी देवंती देवी को साल 2020 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित हुआ था। देवंती देवी ने प्रधानमंत्री आवास अपने निजी भूमि में नहीं बनाकर 13 फीट रास्ता में आवास निर्माण कर दिया है। जिसकी शिकायत गांव के ही राजीव शुक्ला ने अंचला अधिकारी को 25 जनवरी 2021 को की थी। आवेदन के आधार पर अंचलाधिकारी ने आठ अक्टूबर 2021 को मापी कराई, जिसमें बीडीओ एवं संबंधित पंचायत



सेवक को आवास निर्माण पर रोक लगाने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी के आवेदन के आधार पर बीडीओ द्वारा लाभुक को 31 जनवरी 2023 को रिकवरी के लिए नोटिस दिया गया। नोटिस में लाभुक को 72 घंटा के अंदर राशि को जमा करने के लिए सख्त निर्देश दिया गया था। लेकिन नोटिस का अंतराल पांच माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर पंचायतों में इसकी सही से जांच की जाए तो अधिकारी-कर्मचारियों की गंभीर लापरवाही उजागर होगी। चौंकाने वाली बात है कि लाभुक सरकारी जमीन पर मकान बना कर जमीन का फर्जी रिपोर्ट लगा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सांगवार पंचायत में ऐसे कई लोगों ने जमीन की फर्जी रिपोर्ट बनाकर सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बकरी शेड बनाकर भुगतान उठा लिया है। जबकि सरकारी जमीन पर किसी तरह के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक है। बावजूद सरकारी जमीन को लाभार्थी की जमीन बताकर ग्राम पंचायतों में लाभार्थी को मकान बनाने की किस्तें भी जारी कर दी गई है।

### क्या कहते हैं बीडीओ

बीडीओ से पूछेजाने पर उन्होंने बताया है कि उक्त लाभुक को पहला नोटिस भेज दिया गया है। तीन नोटिस के बाद लाभु के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते हैं सीओ

अंचला पदाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि ऐसा मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी

# माओवादियों की साजिश विफल, दो लैंडमाइंस बरामद

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा पुलिस ने सोमवार को डीहरिया गांव के समीप झरना पहाड़ स्थित नहर रोड पीपरा छतरपुर के रास्ते पर सर्च अभियान के दौरान दो लैंडमाईन बरामद किया है। इनमें दो किलो का केन और पांच किलोग्राम के बनाया हुआ सिलेंडर बम शामिल है। लैंडलाइन बरामद होने की सूचना पर पहुंची बम निरोधक दस्ता ने पहुंच कर कई स्थानों पर



जांच किया। इसके बाद उक्त दोनों बम को डिफ्यूज कर दिया है। इस संबंध में पिपरा के प्रभारी थाना प्रभारी अभयानंद ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। तभी दो लैंडमाइन बरामद किया गया। बताया कि माओवादियों द्वारा चार-पांच साल पहले लगाया हुआ प्रतीत होता है। विदित हो कि पुलिस अभियान के लिए वह रास्ता का उपयोग किया करते थे। वहीं इस लैंडमाइन के बरामद होने से माओवादियों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया गया है। अभियान में प्रभारी थाना प्रभारी अभयआनंद, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, एसआई पिनियस मुंडा आदि शामिल थे।

**समाहरणालय, खूँटी (जिला भू-अर्जन शाखा)**

**-ःआदेशः-**

मुरहू तपकरा तोरपा पथ चौड़ीकरण परियोजना के लिए मौजा गुरमी थाना न0 274 अंचल मुरहू, जिला खूँटी का भूमि अधिग्रहण हेतु दिनांक 29.05.2023 को प्रारंभिक अधिसूचना धारा 11(1) की जा चुकी है।

झारखण्ड भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2015 का नियम 25 (1),(2),(3),(4) के तहत पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के तहत निम्नलिखित तिथि को भू-अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।

| क्र0 | तिथि | अंचल | मौजा | थाना सं0 | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.07.2023 | मुरहू | गुरमी | 274 | 11.00 पूर्वाह्न | चबुतरा, गुरमी |

अतः सभी संबंधित रैयतों/वार्ड सदस्यों/ग्राम प्रधान/ग्राम सभा सदस्यों/ मुखिया/ प्रमुख/ पंचायत समिति सदस्य, संबंधित प्रखण्ड से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय में जनसुनवाई हेतु उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

ह0/-प्रशासक,पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम
-सह- अपर समाहर्त्ता,खूँटी

PR 301254 (Land Reforms)23-24*D

**कार्यालयः- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**(मत्स्य पालकों के लिए आम-सूचना)**

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला के मत्स्य कृषकों/केज लाभुकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 07 दिनांक 13.06.2023 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना अंतर्गत फीड व मछली के संवर्धन हेतु 50 प्रतिशत अथवा 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवतायुक्त फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा।

| क | योजना का नाम | मत्स्य पालन हेतु संसाधन का नाम | अनुदान हेतु अधिकतम फीड के कय की मात्रा | प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि | अधिकतम अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज/तालाब इत्यादि | 700 कि0ग्रा0 | 18/- | 12600/- |
| | | रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम | 5000 कि0ग्रा0 | 18/- | 90000/- |
| 2 | 2mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज मत्स्य पालकों के लिए | 1200 कि0ग्रा0 | 18/- | 21600/- |
| 3 | 2mm से अधिक साईज के झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अंतर्गत निर्मित फिश फीड मिल से उत्पादित फ्लोटिंग फीड | तालाब/केज/रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बॉयोफ्लॉक/आर0एफ0एफ0 इत्यादि | लागु नही। | 22/- | लागु नही। |

नोट :-
1. कमांक 01 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान की राशि केज लाभुक, बायॉफलोक टैंक, बायॅफलौक तालाब एवं रिर्सकुलेटरी एक्वा कल्चर के लाभुकों को उपलब्ध कराये जाने की योजना है। फीड का कय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत बिक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. का होना अनिवार्य है।
2. कमांक 02 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान केवल केज लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा। वैसे केज लाभुक जो विगत वर्ष में उत्पादित मछली का आंकड़ा संधारित कर रखे हो तथा वर्तमान में केज में मत्स्य पालन का कार्य कर रहें हो। फीड का कय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत बिक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. का होना अनिवार्य है।
3- 2mm से बडे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड के कय पर ही यह लाभ मत्स्य कृषकों को प्राप्त होगा।
4. फीड कय का भौतिक सत्यापन उपरांत ही देय अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

**नोट :- यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधर पर संचालित है।**

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 301216 Fish (23-24)_D

## स्पोर्ट्स



एशियाई खेलों से पहले बड़ा डोप स्कैंडल सामने आया है। हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए चयनित आधी पुरुष जूडो टीम डोप में फंस गयी है। पांच पर अस्थाई प्रतिबंध भी लग गया है।

## भोपाल राष्ट्रीय शिविर में सामने आया बड़ा फर्जीवाड़ा, पांच पर लगा अस्थाई प्रतिबंध

# एशियाई खेलों की आधी पुरुष जूडो टीम डोप में फंसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों से पहले बड़ा डोप स्कैंडल सामने आया है। हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए चयनित आधी पुरुष जूडो टीम डोप में फंस गई है। नाडा की सैंपलिंग में कुल पांच जुडोका पॉजिटिव पाए गए हैं। यह टीम भोपाल में एशियाई खेलों की तैयारियां कर रही थी। डोप पॉजिटिव एक जुडोका ने भोपाल राष्ट्रीय शिविर में उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप मढ़ा है। इस जुडोका ने डोप में फंसने से पहले अपने विभाग को शिकायत में लिखा था कि उनके खिलाफ शिविर में शामिल एक व्यक्ति उन्हें लगातार धमका रहा है।



### तीन शिविर में दो ट्रायल में फंसे

एशियाई खेलों के लिए जूडो टीम का चयन चार अप्रैल को ट्रायल के जरिए दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हुआ था। यहां भी डोप सैंपल हुए थे। इसके बाद 20 मई से भोपाल में टीम का शिविर लगाया गया। यहां 27 मई को नाडा ने फिर डोप सैंपल लिए। टीम में चयनित एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता मोहसिन गुलाब अली (60), जकार्ता एशियाई खेलों में खेलने वाले हर्षदीप बराड़ (81), स्टैंड बाई राहुल सेवता (81) भोपाल में लिए गए सैंपल में पॉजिटिव पाए गए, जबकि टीम में शामिल एक अन्य जुडोका और स्टैंड बाई में शामिल अक्षय (66) ट्रायल में पॉजिटिव पाए गए।

### पांचों पर लगा अस्थाई प्रतिबंध

भोपाल शिविर में लिए गए सैंपल में फंसे गुलाब अली और हर्षदीप बराड़ के सैंपल में एक ही साल्ट एसएआरएम, ओस्टारिन निकला है। राहुल के सैंपल में ओक्जेंड्रोलॉन और स्टेनोजोलॉल, जबकि अक्षय के सैंपल में मेटेंडिनॉन निकला है। पांचों जुडोकाओं को अस्थाई रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नाडा के समक्ष अगर इन पांचों ने अपनी बेगुनाही साबित नहीं की तो इन पर अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। हर्षदीप बीते वर्ष स्पेन में भी विवादों में आए थे। उन पर वहां की एक महिला ने उत्पीडन के आरोप लगाए थे।

### शिविर में रची गई साजिश : जुडोका

गुलाब का कहना है कि उनका भोपाल से पहले एक और सैंपल लिया गया था, लेकिन वह इसमें निगेटिव निकले हैं। उनका टीम के ही एक व्यक्ति के साथ विवाद चल रहा था। उन्हें धमकियां भी मिली थीं, जिसकी उन्होंने अपने विभाग को शिकायत भी की थी। उनके खिलाफ साजिश रची गई है, जिसे वह नाडा सुनवाई पैनल के समक्ष साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## सौगात : सांसद-विधायक ने 3.30 करोड़ की लागत से बनने वाले नये भवन के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# सभी सुविधाओं से लैस शैक्षणिक केंद्र बनेगा गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय : सीपी चौधरी

**गोमिया में डिग्री कॉलेज और शैक्षणिक सत्र का जल्द किया जाएगा उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** प्रखंड के गोमिया पंचायत अंतर्गत गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश (सीपी) चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो और जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने संयुक्त रूप से डीएमएफडी मद से तीन करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बतातें चलें कि विद्यालय के पुराना जर्जर हो चुके भवन को समतलीकरण कर वहीं दो मंजीला भवन बनेगा, जिसमें 16 कमरे और दो हॉल का नवनिर्माण होगा। वर्तमान में इस विद्यालय में लगभग 1700 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों को बैठने में दिक्कत हो रही है, जिसे देखते हुए गोमिया विधायक लंबे समय से प्रयासरत थे। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाओं पर कार्य निरंतर किया जा रहा है। विद्यालय में पठन-पाठन से संबंधित दिक्कतों को हम सभी मिलकर यथाशीध्र दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोमिया मोड़ के समीप रेलवे फाटक पर जल्द ही फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चालू होगा। इसके अलावा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के लिए गोमिया डिग्री कॉलेज के उद्घाटन के साथ ही शौक्षणिक कार्य भी जल्द प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बोकारो जिला में डीएमएफटी फंड पर्याप्त मात्रा में है। जिसका उपयोग कर गोमिया में और भी विकास कार्यों को किया जायेगा।






नये भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य सुरेंद्र राज व अन्य।

### गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक मॉडल अस्पताल के रूप में जल्द किया जायेगा विकसित : डॉ लंबोदर महतो

विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी थी। विद्यालय में कमरे भी कम थे। इस समस्या को देखते हुए मैंने शिक्षा सचिव व प्रशासन से वार्ता कर यहां शिक्षकों की नियुक्ति व अतिरिक्त कमरे का निर्माण कराया है। कुछ दिनों पूर्व इस विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर कक्ष का निर्माण और खेल सामग्री भी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय राज्य में उत्कृष्ट विद्यालय बनकर उभरे इस दिशा में हमलोग प्रयासरत हैं। गोमिया में डिग्री कॉलेज और शैक्षणिक सत्र का उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। इसके लिए राज्यपाल ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि गोमिया सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक मॉडल अस्पताल के रूप में निर्माण कराया जाएगा। गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत में पेयजल की समस्या को देखते हुए कोनार नदी में नए पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण कराया जाएगा। इसका लगभग पांच करोड का डीपीआर बन चुका है और इसी माह इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा में अरबों की विकास योजनाएं धरातल पर उतरी है।

### लंबे समय से विकास की बांट जोह रहा था विद्यालय : सुरेंद्र राज

वहीं, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने कहा कि गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय काफी लंबे समय से विकास की बांट जोह रहा था। सांसद व विधायक ने इस विद्यालय में अतिरिक्त भवन के निर्माण करने का सराहनीय कार्य किया है। यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी नामांकन कराने पहुंचते हैं। आने वाले दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में यह विद्यालय विशिष्ट शिक्षा के केंद्र के रूप में जाना जाएगा। इस अवसर पर गोमिया के मुखिया बलराम रजक, रंजीत अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, संदीप स्वर्णकार, रविंद्र साहू, दीपक साहू, प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, पूर्व मुखिया घनश्याम राम, शैलेश रवानी, अशोक रविदास, मंटू पासवान, रविसन टुडू, रितेश यादव आदि उपस्थित थे।

## पीड़ित मरीज ने विधिक सेवा प्राधिकार और सीएस से की क्लिनिक लैब की शिकायत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नया बाजार स्थित क्लिनिक लैब पर झरिया के मोहित कुमार ने इलाज के नाम पर मुद्रा मोचन एवं भया दोहन की लिखित शिकायत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष एवं सिविल सर्जन से किया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि वह लीवर रोग से ग्रसित है। पिछले दिनों चिकित्सक से परामर्श के बाद अल्ट्रासाउंड एस्पिरेशन के लिए नया बाजार स्थित क्लीनिक लैब गए थे। जहां रोग को गंभीर बताकर काफी डरा दिया गया। क्लिनिक लैब के चिकित्सक डॉ समीरन बनर्जी ने कहा कि उसके लीवर से तीन-चार बार मवाज (पीप) निकालना होगा। इसके लिए हर बार 4500 रुपया का खर्चा आएगा। उसने 4500 रुपए देकर इलाज करा लिया। दोबारा इलाज के लिए दूसरे जांच घर गया जहां उसी कार्य के लिए महज दो हजार रुपया लिया गया। वहां के डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि एक बार में ही लीवर से पल्स निकाला जा सकता था। इससे स्पष्ट होता है कि क्लीनिक लैब जांच घर प्रबंधक द्वारा मेरे साथ ठगी किया गया है। वहीं पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने सिविल सर्जन आलोक कुमार विश्वकर्मा से मिलकर मोहित कुमार बर्मन की शिकायत को गंभीरता से लेने की मांग की। कहा कि जिले के सभी जांच घर में मूल्य तालिका बोर्ड की अनिवार्यता सुनिश्चित कराई जाए। ताकि किसी से भी जांच के नाम पर मुद्रा मोचन और भया दोहन न हो सके। साथ ही क्लीनिक लैब के कारनामों की भी जांच हो।

## प्रशासन की असफलता के कारण घटी छाताबाद-कैलूडीह की घटना : मासस



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास मासस कार्यालय में सोमवार को बैठक कर छाताबाद-कैलूडीह में हुई हिंसक झड़प की घटना को लेकर चर्चा की गई। पार्टी के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो ने कहा कि छाताबाद-केलुडीह प्रशासन की असफलता के कारण ही घटना हुई है। उक्त क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाकर आम जनता से शांति की अपील करनी चाहिए। साथ ही इस प्रकार के उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान गरीबों को जो भी क्षति हुई है झारखंड सरकार से उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी। साथ ही कतरास क्षेत्र में जन समस्याओं को लेकर बीसीसीएल एंव नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ, रोजगार के सवाल पर आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए सात जुलाई को कैसलपुर बीसीकेयू कार्यालय में बैठक किए जाने की जानकारी दी। इस मौके पर ठाकुर महतो, भीम महतो, चंदन महतो, अशोक रजक, सनी शर्मा, दिलीप महतो, राजेश रजक, रमेश महतो और पिंटू महतो आदि उपस्थित थे।

## किसानों के बीच धान बीज का वितरण



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस की ओर से गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत पैक्स में सोमवार को किसानों के बीच धान के बीज का वितरण किया गया। किसानों को मिहिलाल गोप के फॉर्मर प्रोडयूसर कंपनी एवं जेएसएलपीएस की ओर से संयुक्त रूप से 50 फीसदी अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया गया। वहीं महिला किसान दीदियों के बीच 40 क्विंटल धान बीज वितरण किया गया। इस मौके पर होसिर पैक्स के संचालक मिहिलाल गोप, जेएसएलपीएस के एफटीसी प्रकाश महतो, बीआरबी किरण देवी, एकेएस मीणा देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, एमबीके सुनिता देवी, भीओए सावित्री देवी आदि थे।

## ढुल्लू महतो के कब्जे से जमीन को मुक्त कराने के लिए प्रखंड से जिला मुख्यालय तक कांग्रेसी करेंगें आंदोलन : संतोष सिंह

**बाघमारा अंचल कार्यालय में जारी बेमियादी धरना के 19वें दिन पहुंची कांग्रेस जिलाध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** माफियाओं की खिलाफत करने के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने वाले विधायक ढुल्लू महतो खुद एक माफिया बन गये है। बाघमारा के गरीब, मजदूर और किसानों के वोट पर विधायक बनने वाले खुद ग्रामीणों की जमीन पर जबरन बाउंड्रीवाल कर कब्जा कर रहे हैं। उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कही। वे सोमवार को बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष दरीदा एवं मुराइडीह मौजा मे निर्मित बाउंड्रीवाल के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा जारी अनिश्चितकालीन धरना के 19वें दिन धरनास्थल पर पहुंच कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस-झामुमो की गठबंधन की सरकार है। भाजपा के इशारे पर चलने वाले अधिकारी अपनी कार्यशैली सुधार लें अन्यथा मंत्री व वरीय अधिकारीगण से शिकायत कर ऐसे सीओ व अधिकारी को ठीक करवा देंगें। विधायक ढुल्लू महतो खुद को गरीब मजदूर का बेटा बताते हैं। मैं इश्वर से प्रार्थना करता हूं कि बाघमारा की पूरी जनता ढुल्लू महतो जैसा ही गरीब हो जाए, ताकि किसी को कोई दिक्कत ही नही रहेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपना कमर कस लें, कांग्रेस अब ढुल्लू महतो के खिलाफ प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक चरणबद्ध आंदोलन करेगी और जमीन को कब्जा मुक्त करायेगी। इस मौके पर कांग्रेस के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, टीपी पांडेय, रंधिर सिंह, अमित महतो, विकास सिंह, आशू सिंह, बबलू पांडेय, अजीत महतो, पिंकू पांडेय, धनेश्वर ठाकुर, दयाल महतो, रंजीत पाण्डेय आदि उपस्थित थे।




धरनामंच को संबोधित करते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह।

## स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने कहा, गुरु सर्वोपरि होते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को चिन्मय विद्यालय के स्वामी तपोवन सभागार में गुरु पादुका पूजा का आयोजन किया गया। चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने गुरु पूर्णिमा के महत्व को विद्यार्थियों को समझाया। महाभारत के रचयिता वेदव्यास जी के जन्मोत्सव का प्रतिक यह दिन सभी के लिये अपने गुरुओं को स्मरण एवं आभार प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गुरु सर्वोपरि होते है। गुरु का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। ध्यान, ज्ञान, धैर्य और कर्म, सब गुरु की दी देन है। इस पूजा में गुरु पादुका की पूजा एवं परम पूज्य स्वामी चिन्मयनंद सरस्वती के 108 नामों का उच्चारण किया गया। इस दौरान कक्षा पांचवीं एवं छठी के विद्यार्थी मौजूद थे। गुरु पादुका पूजा में चिन्मय विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा एवं समन्वयक नरमेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



## प्रबंधन पर मनमानी करने और विलंब से वेतन भुगतान का आरोप

# असंगठित मजदूरों ने नये दर से वेतन भुगतान की मांग को लेकर बोर्रागढ़ साइडिंग का काम किया ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बोरागढ़ साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों ने एचपीसी के तहत वेतन भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को जमसं (कुंती गुट) के बैनर तले कार्य ठप कर दिया। मजदूरों ने बीसीसीएल व एटी देवप्रभा प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे बोरागढ़ शाखा अध्यक्ष महावीर राय ने कहा कि साइडिंग में काम करनेवाले असंगठित मजदूरों को एचपीसी के तहत मई महीने से नए दर से वेतन चालू हो गया है। बस्ताकोला नौ नंबर साइडिंग में मई माह से ही 254 मजदूरों को वेतन मिलना शुरू हो गया है पर बोरागढ़ साइडिंग के मजदूरों को अभी तक पुराने रेट के हिसाब से वेतन मिल रहा है। मजदूरों का कहना है कि जब तक नए रेट से वेतन चालू नहीं किया गया तबतक साइडिंग का कार्य प्रभावित रहेगा। आरोप है कि कंपनी यहां के मजदूरों को दो माह विलंब से वेतन भुगतान कर रही है। देर से वेतन मिलने से भी इन मजदूरों में आक्रोश है। बता दें कि फिलहाल कुइंया कोलियरी से हाइवा के माध्यम से बोरागढ़ साइडिंग में कोयला गिराया जाता है। इसके बाद यहां पेलोडर से रैक लोडिंग कर भेजा जाता है। कार्य प्रभावित होने से कोयला लोड हाइवा की लंबी कतार साइडिंग में लग गई है। हालांकि बोरागढ़ कोलियरी प्रबंधन ने मजदूरों को वार्ता के लिए बुलाया पर मजदूरों ने इंकार कर दिया। उनका कहना है कि बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में महाप्रबंधक के समक्ष वार्ता करेंगे। इस मौके पर रंजीत चौहान, शंकर साव, विकास राम, राजदीप साव, इस्लाम अंसारी, अनिता बाउरी, जोबा बाउरी, कारी देवी व सुनैना बेलदारिन आदि उपस्थित थे।



काम ठप कराकर प्रदर्शन करते असंगठित क्षेत्र के मजदूर।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। 10वीं परीक्षा में तिसकपी के हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह में मंच संचालन प्रधानाध्यापक लोकेंद्र कुमार महतो ने किया। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले सूरज कुमार, दुलारचंद, पंडित, देवराज निखिल, प्रियंका कुमारी, अंकित कुमार केसरी, शिवम कुमार,अंकुश केसरी, बंटी केसरी, सोनू गुप्ता, दीपांशु केसरी और नीरज कुमार आदि को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। हम बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ उन्हें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, वैचारिक और नैतिक गुणों में भी उन्हें शिक्षा दीक्षा देते हैं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। तभी वह एक सभ्य नागरिक बन सकेगा और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेगा। कहा कि विद्यालय का लगातार दूसरे वर्ष भी रिजल्ट शत प्रतिशत हुआ है। इसके पीछे विद्यालय के सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत है। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। इस मौके पर सुरेश प्रसाद महतो, अशोक मिश्रा, अजय कुमार महतो, अजीत कुमार महतो, विनोद चौधरी, कोलेश्वर प्रसाद महतो, गौतम केसरी, उपेंद्र कुमार महतो, अर्जुन महतो आदि उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर जरीडीह बाजार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्य और दीदियों को किया गया सम्मानित



जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जी की जयंती पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर प्रह्लाद वर्णवाल, सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल और प्रधानाचार्य कावलजीत सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के आचार्य और दीदियों को अध्यक्ष, सचिव व समिति के सदस्यों की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष-सचिव ने कहा कि जो अपने गुरु का अनुकरण करता है वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है। वहीं, भैया-बहनों ने भी महर्षि वेदव्यास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य बंधु भगिनी. वरिष्ठ आचार्य सुरेश, सुभाष, काजल, महेंद्र, रुबीना, रीता, शकुंतला, दीक्षा, अरुण, धीरज, सुनील, खुशबू, श्वेता और पिंकी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शादी का प्रलोभन देकर किया यौन शोषण, आरोपी गया जेल

धनसार (आजाद सिपाही)। शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपित मो सुल्तान को उसके बेरा स्थित आवास से झरिया पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बतातें चलें कि दोबारी कोलियरी की एक तलाकशुदा महिला ने सुल्तान के खिलाफ तीन माह पूर्व प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया ता। मामला दर्ज होने के बाद से सुल्तान फरार था। गुप्त सूचना पर झरिया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सुल्तान पर मारपीट, गोलीकांड और कोयला तस्करी का भी आरोपी रह चुका है। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

### झमुमो ने किया पंचायत कमेटी का गठन



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत शिबलीबाड़ी दक्षिण, पचमोहली एवं शिबलीबाड़ी मध्य पंचायत में सोमवार को जिला परिषद सदस्य मो गुलाम कुरैशी की अध्यक्षता में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन की मौजूदगी में पंचायत कमेटी का पूर्णगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिबलीबाड़ी दक्षिण पंचायत में अध्यक्ष संजय बाउरी, सचिव उत्तम बाउरी, पचमोहली पंचायत में अध्यक्ष अवध बिहारी प्रसाद, सचिव सोष्टी बाउरी, शिबलीबाड़ी मध्य पंचायत में अध्यक्ष राहुल पासवान, सचिव बीरू बाउरी उर्फ उत्तम बाउरी को चुना गया। प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन द्वारा सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जल्द से जल्द कमेटी का विस्तार करने को कहा गया। साथ ही जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी तरह तैयार रहने को कहा गया। इस मौके पर अवध बिहारी प्रसाद, संजय बाउरी, जीतू बाउरी, सगीना हाड़ी, डब्लू बाउरी, प्रदीप बाउरी, कमल गोराई, टिंकू बाउरी, सोष्टि बाउरी, उत्तम बाउरी, राहुल पासवान आदि थे।

### भगत सिंह चौक का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण करने को लेकर एनएचएआइ को सौंपा ज्ञापन



कतरास (आजाद सिपाही)। भाजपा युवा मोर्चा के कतरास मंडल के महामंत्री विवेक हजारी ने कतरास बाजार स्थित भगत सिंह चौक के पुनर्निर्माण व सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर सोमवार को एनएचएआइ को ज्ञापन सौंपा। कहा कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान चौक को खंडित कर पुननिर्माण व सौंदर्यीकरण करने की बात कही गयी थी। पर अभी तक वह ज्यो का त्यों पड़ा है। उसका अति शीघ्र निर्माण कार्य हो। कंपनी ने 30 दिनों के भीतर इसका पुनर्निर्माण नहीं करवाया तो कतरास के युवा उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी जवाबदेही एनएचएआई की होगी। मौके पर कृष्णा यादव, स्वयं स्वर्ण, धर्मबीर दूबे, शुभम हजारी, गोलू सिंह और सौरभ कुमार आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


## ज्ञानदीप कोचिंग के दो विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर के दो विद्यार्थियों को जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने सोमवार को कक्षा 11 वीं की पुस्तक देकर सम्मानित किया। इसमें नितिन कुमार राम को 11 वीं साइंस व रिया कुमारी को 11 वीं कॉमर्स की पुस्तकें उपहार स्वरूप दी गयी है। इस दौरान संस्थान के निदेशक कैलाश राम ने बताया कि जैक रांची द्वारा आयोजित 2022-23 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर नितिन कुमार राम 94.2 प्रतिशत व रिया कुमारी 87.4 प्रतिशत को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, रूपेश विश्वकर्मा, मुस्कान, मीनाक्षी, प्रियांशु, स्नेहा, उत्कर्ष, अविनाश मौजूद थे।

## प्रचार-प्रसार के अभाव में दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर फेल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** प्रचार-प्रसार के अभाव में कुजू उप स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को रामगढ़ डीसी के निर्देश पर आयोजित दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण शिविर फेल रहा। प्रचार-प्रसार न होने व जानकारी नहीं मिलने से क्षेत्र के दिव्यांगजन इस शिविर में नहीं पहुंच सके। जिससे शिविर में पहुंचे चिकित्सक डॉ दिलीप कुमार, डॉ अभिजीत समेत कुजू उप स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ दिपिका मेहता को यूं ही बैठकर समय गुजारना पड़ा। शिविर दिन के 11 बजे से लेकर 3 बजे तक था। अंत में एक दिव्यांग महिला शिविर में पहुंची। जिसे दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस शिविर को लेकर रामगढ़ के सिविल सर्जन को डीसी के आदेश से रोस्टर बनाने को कहा गया था। शिविर में ऑपरेटर अली इमरान रजा, ओंकार, एएनएम प्रेमा कुमारी, ममता कुमारी, राजकुमार व बंधू ठाकुर भी मौजूद रहे। इधर, पंसस प्रतिनिधि सुरेश केसरी ने आयोजित शिविर में पहुंचकर कहा कि शिविर को लेकर किसी तरह का प्रचार प्रसार विभाग द्वारा नहीं कराया गया था, जिसकी वजह से लोग नहीं पहुंच पा रहे है। उन्होंने विभाग से अगली तिथि तय कर प्रचार प्रसार कराने का अनुरोध किया।

## ओपी जिंदल स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय के साहित्य सभा द्वारा सोमवार को अंतर्सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था सोशल नेटवर्किंग साइट्स अच्छी हैं या बुरी प्रतियोगिता विद्यालय के चारों सदनों में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपना तर्क रखा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने समस्त विद्यालय परिवार को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को संप्रेषित करने की शिक्षा देने से रहा। प्रतियोगिता में अतुल्य नीलेश और रजनीश ऋषि को प्रथम, शौनक मंडल को द्वितीय और मीराक्षी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## वृंदा कोल माइंस को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सिसई वृंदा कोल माइंस से जूडे प्रबुद्ध ग्रामीणों की एक बैठक सोमवार को टंडवा मे हुयी। जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलेश सिन्हा, संचालन अरविंद पाठक ने किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर पांडेय, पंसस नीतेश राणा, जगदीश महतो समेत अन्य शामिल थे। बैठक मे कहा गया कि जिन जमीनों को पहले अभिजीत कंपनी ने खरीदा है, उसका मुआवजा आज की तारीख में नही मिलेगा तब तक माइंस का विस्तार संभव नहीं है। इतना ही नही पूर्व के कंपनियों ने किसानो से खरीदे जिन जमीनो का चेक बाउंस हुआ है। उसका भी मुआवजा डालमिया प्रबंधन को आज देना होगा। इसके अलावे, रोजगार, बंदोबस्त लैंड मुआवजा, घर के मुआवजा और गावों की विकास समेत कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा हुई। मुखिया नीलेश और पंसस नीतेश ने बताया कि प्रभावित गांवो के रैयतो की जल्द बैठक होगी, जिसमे इस माइंस के विस्तार पर चर्चा होगी। वही रैयतों ने कहा कि किसानों का हक और अधिकार की गारंटी कंपनी पहले तय करे। इस मौके पर गोपाल राम, मनोज पाठक, महेंद्र महतो, केदार महतो, कृष्णा महतो, मन्नु महतो, संजय पांडेय, धनंजय पांडेय, डा सुरेश और भरत भाष्कर समेत अन्य कई उपस्तिथ थे।

## जदयू विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारेगी : दुष्यंत पटेल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आरा उतरी पंचायत सचिवालय में जनता दल यूनाइटेड की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रोहन महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू मौजूद रहे। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि जदयू अब पूरा देश में अपना परचम लहराने के लिए कमर कस ली है। इस बार जदयू विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारेगी। बिहार के मुख्यमत्री नीतीश कुमार व राज्यसभा सांसद खीरु महतो के हाथ को मजबूत करने की जरूरत है। तत्पश्चात आरा उत्तरी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें देव कुमार महतो को अध्यक्ष और महिला प्रकोष्ठ के पंचायत अध्यक्ष के रूप में विनीता सिन्हा का मनोनयन किया गया। मौके पर जिला सचिव उमेश प्रसाद साहू, प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो, सत्येंद्र प्रसाद, कपिल प्रसाद, भुनेश्वर महतो, गुड्डू वर्मा, अमित महतो, पवन मल्हार, बालेसर तुरी, महेश महतो, गोविंद महतो आदि मौजूद रहे।

## चेन छिनतइ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना पुलिस ने चेन छिनतइ के आरोप में सोमवार को एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। जानकारी के अनुसार गत 30 जून को पंचवटी अपार्टमेंट के पास से एक महिला से चेन छिनतइ की घटना को अंजाम दिया गया था। रविवार को रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर प्रभात कुमार को गुप्त सूचना मिली कि चैन स्नैचिंग करने वाले व्यक्ति बिना नंबर का अपाची मोटरसाइकिल सुभाष चौक के आसपास घूम रहा है। पुलिस के अनुसार रामगढ़ थाना पुलिस ने बंजारी ओवर ब्रिज के पास पहुंचकर गश्ती दल के साथ मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान प्रारंभ की। जांच के दौरान बरकाकाना की तरफ से तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल सवार होकर दो व्यक्ति आ रहे थे, पुलिस की चेकिंग को देख कर उक्त अपाची मोटरसाइकिल पर सवार मोटरसाइकिल को मोड़ कर भागने लगे, इसी दौरान असंतुलित होकर मोटरसाइकिल गिर गई। गिरने के पश्चात दोनों मोटरसाइकिल छोड़कर तेजी से जंगल की तरफ भागने लगे जिसमें एक व्यक्ति को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि एक अन्य भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम निकेत कुमार पिता मनोज साव बताया। जबकि फरार अपने साथी का नाम सुजीत कुमार गुप्ता बताया। पकड़े गए युवक के पास से 10 ग्राम का सोने का चेन बरामद किया गया। जब पुलिस ने इस संबंध में कागजात मांगा तो किसी भी प्रकार का कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। इधर, पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 163/23 सहित विभिन्न धाराओं के साथ अंकित करते हुए गिरफ्तार युवकों जेल भेज दी।

# गोवा के राज्यपाल 'कादंबिनी' और 'कुनिकथा' की वर्षगांठ में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मासिक पारिवारिक पत्रिका 'कादंबिनी' की 24 वीं वर्षगांठ और बच्चों की पत्रिका 'कुनिकथा' की 13वीं वर्षगांठ रविवार को मनायी गयी। गोवा के राज्यपाल पी.एस. धरन पिल्लई ने कार्यक्रम में मौजूद थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मातृभाषा भावनाओं को व्यक्त करने का उत्तम माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा का इतिहास, विरासत और संस्कृति जीवित है। उड़िया एक प्राचीन भाषा है, ओडिशा के समृद्ध इतिहास, विरासत और संस्कृति के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सारला दास, सम्राट उपेंद्र भंज और फकीर मोहन जैसे महान साहित्यकारों ने न केवल ओडिया भाषा और साहित्य को समृद्ध किया है, बल्कि अपने साहित्यिक कार्यों के माध्यम से विदेशों में भी बहुत बड़ा योगदान दिया है।

इस कार्यक्रम में कादंबिनी पुरस्कार से सम्मानित संबलपुरी कवि पद्मश्री हलधर नायक के बारे में बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी कविताएं इतनी शक्तिशाली हैं कि वे सार्वभौमिकता के साथ गूंजती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा देनी चाहिए क्योंकि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा को महत्व दिया गया है। सम्मानित अतिथि के रूप में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल और सीवी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगड के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे ने उड़िया साहित्य के अनूठे पहलू को रेखांकित किया जो परंपरा और आधुनिकता दोनों को समान रूप से दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं के बीच सम्मान और सद्भावना होनी चाहिए। आजकल स्थानीय भाषा में बहुत अच्छा काम हो रहा है। हमें आशा और विश्वास है कि यह बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं के बीच सम्मान और सद्भावना होनी चाहिए। प्रत्येक स्थानीय भाषा को अन्य भाषाओं का साहित्यिक अनुवाद होना चाहिए। परिणामस्वरूप, हम सभी संस्कृति और परंपरा और पारंपरिक भाषा साहित्य को जान सकते हैं, श्री चौबे ने कहा। विभिन्न श्रेणियों के तहत कादंबिनी पुरस्कार किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत और कादंबिनी और कुनिकथा की संपादिका डॉ इति सामंत के सहित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किए गए। 2023 का कादम्बिनी कहानी पुरस्कार अरबिंद राय को और 2023 का कादम्बिनी काव्य पुरस्कार सेनापति प्रद्युम्न केशरी को प्रदान किया गया। 2023 के लिए कादंबिनी प्रचंड शिल्पी पुरस्कार स्वराज बारिक और सनलिसा पटेल को दिया गया, जबकि बिंध्यबासिनी जेना को 2023 के लिए 'कादंबिनी कुकरी पुरस्कार दिया गया।

इंदुमती राय और मेजर डॉ. सुमित्रा मिश्र को 2023 के लिए 'कादंबिनी पसंदीदा पाठक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कादम्बिनी साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित डॉ. इति सामंत द्वारा निबंध संग्रह 'महियसी, गरियसीः भारतीय महिला प्रतिमा', निबंध संग्रह 'बामा प्रसंग और अन्यान' और लघु कहानी संग्रह 'कथास्त्रोत' उन्मोचन किया गया। कादंबिनी के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने स्वागत भाषण के साथ अतिथि का परिचय दिया, वहीं कादम्बिनी के संपादिका डॉ. इति सामंत ने मंच को संचालन किए और धन्यवाद दिया।

# धनवार प्रखंड में तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास



योजनाओं का शिलान्यास करते बाबूलाल मरांडी। साथ में लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** सोमवार को धनवार प्रखंड में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास हुआ। बतौर मुख्य अतिथि धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि जिला परिसद अध्यक्ष मुनिया देवी, भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी व जिप सदस्य पिंकी भारती आदि ने पट खोलकर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। धनवार रेफरल हॉस्पिटल परिसर में जिला परिसद मद के 5.72 करोड़ से स्वास्थ केंद्र भवन निर्माण, मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2.25 करोड़ के मद गराबाड़ा से दाऊदानागर होते हुए पंचखेरो नदी तक 2.9 किमी सड़क निर्माण तथा नगर विकास मद के लगभग 4 करोड़ की राशि से धनवार नौलखा डेम का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण का शिलान्यास किया गया।

इस क्रम में हॉस्पिटल परिसर व गराबड़ा में सभा का भी आयोजन हुआ। मरांडी ने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ, बिजली व पानी की व्यवस्था ही विकास की पहचान है। केंद्र की भाजपा सरकार इसके लिए अनवरत प्रयासरत है। लेकिन भ्रष्टाचार और राज्य सरकार की उचित निगरानी के अभाव में ये सुविधाएं सही से धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, सफीक अंसारी, छोटेलाल यादव, दिनेश यादव, अशोक उवाध्यय आदि अतिथियों ने भी संबोधित किया।

### क्षेत्र के विकास के लिए हो रहा है काम : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

कार्यक्रम में पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र के सांसद एवं विधायक क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रहे है। कोरोना के कारण विगत दो वर्ष विकास कार्य प्रभावित जरूर हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में क्षेत्र का विकास दिखने लगेगा।

# वेदांता एल्युमीनियम ने टीबी रोगियों की मदद की



आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा, भुवनेश्वर।** वेदांता एल्युमीनियम ओड़िशा ने झारसुगुड़ा में भारत सरकार के निक्षय मित्र के टीबी मुक्त अभियान कार्यक्रम के चरण-1 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। कंपनी भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य के साथ पिछले साल से ओडिशा के झारसुगुड़ा और कलाहांडी जिलों में 550 टीबी रोगियों की मदद कर रही है। प्रधानमंत्री के तपेदिक मुक्त भारत के लक्ष्य के लिए, कंपनी झारसुगुड़ा और कलाहांडी जिला प्रशासन के साथ इस कार्यक्रम में लोगों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है। निक्षय मित्र कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच इस बीमारी से जुड़े अंधविश्वासों को दूर करना और उनके ठीक होने के लिए उचित सहायता प्रदान करना है। उक्त कार्यक्रम का दृष्टिकोण लोगों को पोषण के महत्व और बीमारियों से इसके संबंध पर मार्गदर्शन करना है। वेदांत एल्युमीनियम द्वारा समूह के भीतर स्वास्थ्य पहल करने के संबंध में, सुनील गुप्ता सीईओ-वेदांत लिमिटेड झारसुगुड़ा ने कहा, वेदांत एल्युमीनियम हमेशा समूह के स्वास्थ्य पर ध्यान देता है और यह हमारे लिए प्राथमिकता है। हमने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत आह्वान में जिला प्रशासन के साथ मिलकर टीबी के प्रति जागरूकता पैदा करने की पहल की है।

## बीओआइ ने अपनी सभी शाखाओं में महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र 2023 आरंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया, जो भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है, आज अपनी सभी शाखाओं में महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, 2023 आरंभ किया। यह शुभारंभ बैंक के एमडी और सीईओ रजनीश कर्नाटक के कर कमलों से वीसी के माध्यम से किया गया। उद्घाटन सत्र में सभीराष्ट्रीय बैंकिंग समूह कार्यालयों और आंचलिक कार्यालयों ने भाग लिया। एमडी और सीइओ रजनीश कर्नाटक ने सूचित किया है कि बैंक ऑफ इंडिया इस योजना को अपनी सभी शाखाओं में संचालित करने वाला पहला बैंक है। बैंक ऑफ इंडिया की सभी शाखाएं महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, 2023 के तहत खाते खोलने हेतु प्राधिकृत हैं। इस महत्वपूर्ण योजना की घोषणा हमारे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निरमला सीतारामन ने 1 फरवरी, 2023 को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अपने बजट-भाषण में की थी। इस योजना में, कोई एकल लड़की या महिला अथवा किसी नाबालिग लड़की की ओर से अभिभावक महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र खोल सकते हैं। इसमें न्यूनतम निवेश रु. 1000/- है और खाते में रु. 100/- के गुणकों में अधिकतम रु. 200000/- तक की राशि जमा की जा सकती है। कोई एकल व्यक्ति कितने भी खाते खोल सकता है बशर्ते निवेश की गयी कुल राशि रु.200000/- की अधिकतम सीमा के अंतर्गत हो और दो खाते खोलने के बीच कम से कम तीन महीनों का अंतराल हो। इस योजना के तहत जमाराशियों पर 7.5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलेगा। ब्याज का परिकलन तिमाही आधार पर चक्रवृद्धि आधार पर किया जायेगा और उसे खाते में जमा किया जायेगा। महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र के तहत सभी आय, वर्तमान आयकर प्रावधानों के अनुरूप, कर-योग्य होंगी, तथापि इस योजना के तहत टीडीएस की कटौती नहीं की जायेगी।






















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**